दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 189

ग्वालियर, बुधवार, 30 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

अमृत महोत्सव के दौरान सभी सांसद अपने क्षेत्र में 75 तालाबों का निर्माण कराए: पीएम मोदी

नई दिल्ली। पानी संग्रहण के महत्व को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के 75 साल के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव को लेकर पार्टी के सभी सांसदों को अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में 75 तालाबों का निर्माण करने का निर्देश दिया है। मंगलवार को नई दिल्ली के अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में भाजपा संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सभी सांसदों को पार्टी के स्थापना दिवस, 6 अप्रैल से लेकर अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल तक चलाए जाने वाले कार्यक्रम का खाका भी दिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि को 6 महीने के लिए बढ़ाने का जिक्र करते हुए कहा, सरकार निचले स्तर तक गरीबों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है और इसकी जानकारी सभी लोगों तक पहुंचनी चाहिए। भाजपा सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान का सम्मान करती है इसलिए सरकार सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान को लेकर एक म्यूजियम भी बना रही है। बैठक के बारे में बात करते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि को 6 महीने के लिए बढ़ाने

के फैसले को लेकर भाजपा सांसद दल की बैठक में सभी सांसदों ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के बारे में बताते हुए मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दोनों ने पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल , अंबेडकर जयंती तक सामाजिक न्याय को लेकर कई तरह के कार्यक्रमों को करने का निर्देश सांसदों को दिया है। उन्होंने बताया, 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस है, 11 अप्रैल को ज्योतिबा फुले की जयंती है और 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती है। इसी बीच रामनवमी और नववर्ष भी है। इस दौरान सामाजिक न्याय को लेकर सभी सांसदों को अलग-अलग स्तरों पर बैठक करने, सरकार के कामकाज और उपलब्धियों को आमजनों तक पहुंचाने और अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में प्रेस कांफ्रेंस करने को भी कहा गया है। संसदीय दल की बैठक स्थल के बाहर अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में ही आजादी के गुमनाम नायकों को लेकर एक प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। केंद्र सरकार के मंत्रियों और भाजपा सांसदों ने बैठक के समापन के बाद इस प्रदर्शनी को भी देखा। भाजपा राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह संदेश दिया है कि देश के विभिन्न इलाकों में हजारों लोगों ने देश के लिए बलिदान दिया है जिन्हें इतिहास के पन्नों में समुचित जगह नहीं मिल पाई है, उन सबको समुचित स्थान और सम्मान देने का यह प्रयास है।

अखिलेश ने योगी पर किया तंज, कुछ लोग विदेश नहीं जाना चाहते

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में सत्ता और विपक्ष ने सर्वसम्मति से सतीश महाना को अध्यक्ष चुना। महाना के स्पीकर के रूप में चुनाव के बाद जहां नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी

आदित्यनाथ विपक्ष का आभार जताकर महाना की जमकर तारीफ की। वहीं नेता विपक्ष अखिलेश यादव ने भी योगी की बातों से खुद को सहमत बताते हुए उनकी सराहना की। अखिलेश यादव ने कहा कि विपक्ष को उनके संरक्षण की जरूरत होगी। इस दौरान सदन में कई बार हंसी-ठहाके भी गूंजे। महाना की तारीफ करते हुए अखिलेश यादव ने कहा, जहां आप लगातार एक क्षेत्र से जीतकर आए। इसतरह के बहुत कम लोग होते हैं। स्वाभिविक वहीं सदस्य जीतता है, जो जनता के बीच लोकप्रिय हो। जनता का उससे प्यार हो। आप जरूर उस जनता के बीच में घुलमिल हैं, इस कारण जनता ने कभी किसी दूसरे दल के प्रत्याशी की ओर नहीं देखा। आपको लगातार जितवाया। 18वीं विधानसभा में आप भारी बहुमत से जीतकर आए हैं।

सरिस्का टाइगर रिजर्व में फैली आग से खतरे में पड़े बाघ व अन्य वन्यजीव, सेना के हेलीकाप्टरों से हो रहा पानी का छिड़काव

जयपुर। राजस्थान में अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व में लगी आग 20 किलोमीटर से ज्यादा क्षेत्रफल में फैल गई है। आग पर काबू पाने के लिए सेना के दो हेलीकाप्टारों से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। सिसीसेढ़ झील से लेकर ट्रेक्टर-ट्रोली से पानी जंगल में डाला जा रहा है। हेलीकाप्टर के एक दर्जन फेरे अब तक लगाए जा चुके थे। इसके साथ ही वन विभाग के करीब 250 कर्मचारी अन्य संसाधनों से आग बुझाने में जुटे हैं। आग जंगल के जिस हिस्से में तेजी से फैली है वहां कई बाघ रह रहे हैं। वर्तमान में सरिस्का में कुल 25 बाघ हैं।

सरिस्का वन क्षेत्र के आसपास बसे चार गांवों के कुछ हिस्सों को खाली करवाया गया है। सरिस्का के वन अधिकारी सुदर्शन शर्मा का कहना है कि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण ट्रेक्टर-ट्राली और कर्मचारियों को चढ़ने में परेशानी हो रही है। पहाड़ी इलाके में हेलीकाप्टर से ही पानी का छिड़काव किया जा रहा है। आगे से करीब 160 हेक्टेयर जंगल अब तक जल चुका है। आग पर अब तक काबू नहीं पाया जा सका है। आग वाले हिस्से में 500 से 1000 मीटर दूर तक फायर लाइन बनाई गई है। उन्होंने बताया कि सरिस्का के अकबरपुर रेंज में जहां आग लगी है वहां बाघों की नर्सरी है। यही सबसे ज्यादा खतरा है। यहां बाघिन एसटी-17 और उसके दो शावक, एसटी-20 और एसटी-14 का क्षेत्र है। बाघों के अतिरिक्त तेंदुए और अन्य वन्यजीव भी इस क्षेत्र में रहते हैं। सरिस्का के नायब तहसीलदार खेमचन्द सैनी ने बताया कि रविवार शाम का रिजर्व के बालेटा पृथ्वीपुरा नाका स्थित पहाड़ियों में आग लगी थी, जिस पर देर रात तक काफी हद तक काबू पा लिया गया था। उसके बाद सोमवार को फिर आग फैली। आग के फैलाव रिजर्व के नारंडी, रोटक्याला, बहेड़ी और अकबरपुर तक हो गया है। सैनी ने बताया कि आग लगने से वन एवं वनस्पति, घास, झाडियां, बांस और धोक वृक्ष प्रजातियों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि अब यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता कि कितना नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं लग सका है। रिजर्व में तेजी से फैल रही आग के कारण जंगली जानवरों के आबादी क्षेत्र में आने की आशंका बढ़ी है। कुछ छोटे वन्यजीव सोमवार को आबादी क्षेत्र की तरफ नजर भी आए थे। स्थानीय प्रशासन की तरफ से लोगों को माइक के माध्यम से जंगली जानवरों से सावधान रहने के लिए सचेत किया जा रहा है। वन अधिकारियों ने बताया कि जंगल में आग को फायर ब्रिगेड से नहीं बुझाया जा सकता है। पहाड़ पर उबड़-खाबड़ रास्ते हैं। ऐसे में फायर लाइन की मदद से ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत एक रेखा खींची जाती है, जिसमें से ज्वलनशील घास, टहनियां, सूखे पत्ते आदि हटा दिए गए।

सेना की भर्ती में विलंब को लेकर प्रियंका गांधी ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को लिखी चिट्ठी

नई दिल्ली। कांग्रेसनेत्री और पार्टी महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने मंगलवार को सेना की भर्ती में हो रहे विलंब को लेकर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

को पत्र लिखकर समस्या का हल निकालने की मांग की है। प्रियंका गांधी ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि सेना में भर्ती के लिए लाखों युवा हाड़तोड़ मेहनत कर देशसेवा के सपने के साथ तैयारी करते हैं। लेकिन ये युवा वायुसैनिक भर्ती (जनवरी 2020) की एनरोलमेंट लिस्ट व परिणाम (वायुसैनिक भर्ती 2021) व सालों से थल सेना में भर्ती न आने से परेशान हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर इस विषय में अविलंब सकारात्मक कदम उठाते हुए सेना भर्ती से जुड़े युवाओं की समस्याओं के समाधान करने का आग्रह किया। प्रियंका गांधी ने राजनाथ सिंह को लिखे अपने पत्र में कहा कि सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना भारत के तमाम युवाओं का सपना होता है। इसके लिए देश के लाखों युवा कड़ी मेहनत से तैयारी करते हैं। देशभर से तमाम युवाओं ने सेना में भर्तियों के परिणामों, नियुक्तियों में देरी व भर्ती रैली से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं की तरफ केंद्र सरकार को ध्यान देना चाहिए।

पीएम मोदी ने एमपी में 5 लाख से ज्यादा गरीबों का कराया गृह प्रवेश

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मप्र में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के करीब 5 लाख लाभार्थियों के गृह प्रवेश में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल रहे। ग्रामीण अंचल में रहने वाले 5 लाख लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों में गृह प्रवेश कराया गया। इस खास मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे। वहीं पीएम मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश के लगभग सवा 5 लाख गरीब परिवारों को उनके सपनों का पक्का घर मिल रहा है। हमारे देश में कुछ दलों ने गरीबी दूर करने के लिए नारे बहुत लगाए लेकिन गरीबों को सशक्त करने के लिए काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि एक बार जब गरीब सशक्त होता है तो उसमें गरीबी से लड़ने का हौसला आता है। पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांवों में बने ये सवा पांच लाख घर, सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है। ये सवा पांच लाख घर, देश में सशक्त होते गरीब का पहचान हैं। ये सवा 5 लाख घर बीजेपी सरकार की सेवा भाव की मिसाल है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत जो घर बने हैं, उनमें से करीब-करीब दो करोड़ घरों पर मालिकाना हक महिलाओं का भी है। इस मालिकाना हक ने, घर के दूसरे आर्थिक फैसलों में भी महिलाओं की भागीदारी को मजबूत किया है। बीते ढाई साल में इस योजना के तहत देशभर में 6 करोड़ से अधिक परिवारों को शुद्ध पेयजल कनेक्शन मिल चुका है। पीएम मोदी ने कहा कि इस वर्ष के बजट में पूरे देश में 80 लाख से अधिक घर बनने के लिए पैसे आवंटन करने प्रावधान किया गया है। अब तक लगभग 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा इस योजना पर खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 100 साल में आई इस सबसे

आगरा में सूरज ने आग उगली टूटा 130 साल का रिकॉर्ड

यूपी के शीर्ष पांच गर्म शहरों में झांसी दूसरे नंबर पर रहा

आगरा। मार्च के महीने में सूरज का कोप लोगों को तपा रहा है जैसे मई और जून का महीना हो। आगरा में मार्च में तापमान 130 साल का रिकार्ड तोड़ चुका है। उत्तर प्रदेश में आगरा इस समय सबसे गर्म शहर के रूप में दर्ज हो रहा है। दूसरे नंबर पर झांसी और तीसरे नंबर पर प्रयागराज है। मई के महीने में चलने वाली लू, मार्च के महीने में ही चलने लगी है। दोपहर एक बजे के बाद सड़कों पर सनाटा पसरने लगा है। ताजमहल घूमने आए पर्यटक बेहाल होने लगे हैं। मौसम विभाग ने आगामी समय में राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं जताई है।

गर्मी के मामले में आगरा यूपी के टॉप पांच शहरों में शामिल था लेकिन अधिकतम तापमान में आए उछाल के चलते यह अब नंबर वन पर पहुंच गया है। सन 1982 में मार्च के महीने में इतना तापमान था, जैसा इस साल देखने को मिल रहा है। पांच साल पहले 29 मार्च 2017 को तापमान 39.7 डिग्री पर पहुंच गया था, जो रिकॉर्ड था, लेकिन इस साल मंगलवार को सुबह 10 बजे ही तापमान 39.9 डिग्री दर्ज हो चुका है। दोपहर 12 बजे के बाद इसके 41 डिग्री को पार करने के आसार जताए जा रहे हैं। अधिकतम तापमान इस समय सामान्य से छह डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस साल आगरा में अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारणों में से एक ये है कि इस बार बुंदेलखंड, राजस्थान और दक्षिणी उत्तर प्रदेश की ओर से चल रही गर्म हवाएं यहां नमी को तेजी से खत्म कर रही है। इस कारण आगरा और आसपास के क्षेत्रों में पारा 41 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने 30 मार्च से पारा और बढ़ने के आसार जताए हैं। इसके साथ ही लू का भी अलर्ट है। लू के थपेड़े सुबह 10 बजे से परेशान करने लगेंगे। हाल ये हो चुका है कि छत पर रखी टंकियों में से पानी गर्म आने लगा है। दिन तो छोड़िए, अब रात को भी चैन नहीं है। पूरी रात एसी चलने लगे हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान केंद्र के मुताबिक इस सप्ताह तापमान 42 डिग्री तक पहुंच सकता है।

कांग्रेस के संगठन में बड़े बदलाव की तैयारी में सोनिया गांधी

नई दिल्ली। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में शर्मनाक हार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी अपनी टीम में बदलाव कर सकती हैं। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कई प्रदेशों में नए सचिवों की नियुक्ति कर इसके संकेत भी दे दिए हैं। यह फेरबदल संगठन चुनाव और अगले विधानसभा चुनाव के लिए अहम साबित होगा। कांग्रेस में कई पद लंबे वक्त से खाली है। वहीं, कई नेता एक से ज्यादा जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ऐसे में पार्टी अध्यक्ष इन पदों पर नियुक्ति के साथ आवश्यक फेरबदल कर सकती हैं। पार्टी में छात्र संगठन एनएसयूआई के साथ कई प्रदेशों में प्रभारियों की नियुक्ति काफी लंबे वक्त से नहीं हो पाई है। एनएसयूआई के पूर्णकालिक प्रभारी का पद दो साल से खाली है। एनएसयूआई की अध्यक्ष

रुचिका गुप्ता ने दिसंबर 2020 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद कोई स्थाई नियुक्ति नहीं हुई है। इसके साथ मध्य प्रदेश में कमलनाथ प्रदेश अध्यक्ष के साथ विधानसभा में नेता विपक्ष का पद भी संभाल रहे हैं। पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के पास लोकसभा में पार्टी के नेता की जिम्मेदारी हैं। बंगाल में पूर्णकालिक प्रदेश प्रभारी की नियुक्ति भी काफी दिनों से नहीं हुई है। जितिन प्रसाद के पार्टी छोड़ने के बाद दिसंबर 2021 में चेला कुमार को पश्चिम बंगाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। पांच राज्यों में हार पर चर्चा के लिए 14 मार्च को हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में भी संगठन में फेरबदल का मुद्दा प्रमुखता के साथ उठा था। बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में पार्टी अध्यक्ष को संगठन को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक व व्यापक संगठनात्मक बदलाव के लिए अधिकृत किया है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष जल्द कुछ फेरबदल कर सकती हैं। पार्टी में संगठन चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में बड़ा बदलाव नए अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही होगा।

बाहुबली मुख्तार अंसारी पर योगी सरकार ने कसा शिकंजा

एंबुलेंस फर्जी पंजीकरण मामले में डॉ. अलका राय और शेषनाथ राय गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी के बाहुबली मुख्तार अंसारी पर योगी सरकार लगातार शिकंजा कस रही है। पंजाब से बांदा जेल लाने वाले एंबुलेंस के फर्जी पंजीकरण के प्रकरण में बड़ी कार्रवाई हुई है। मामले में आरोपी श्याम संजीवन हॉस्पिटल की संचालिका अलका राय और उनके भाई शेषनाथ राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी मंगलवार सुबह चार बजे हुई। बाराबंकी पुलिस भाई बहन को लेकर रवाना हो गई है। दोनों पर मुख्तार को अवैध एंबुलेंस मुहैया कराने का आरोप है। मामले में डॉ. अलका लगभग आठ

महीने जेल में थी। दोनों पर गैंगेस्टर एक्ट तहत केस दर्ज किया और गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले सोमवार को इसी मामले में मुख्तार समेत 12 अन्य लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। मऊ, गाजीपुर, लखनऊ और प्रयागराज जिले के लोग हैं। पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स ने बताया कि जिलाधिकारी ने मंजूरी दे दी और अंसारी के खिलाफ दूसरा मामला रविवार को नगर कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज किया गया। अधिकारियों ने कहा कि पंजाब की जेल में बंद होने के दौरान अंसारी को अदालत जाने के लिए एक निजी एम्बुलेंस का उपयोग करते हुए पाया गया था। इस एम्बुलेंस को बाराबंकी के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) कार्यालय में 21 मार्च, 2013 को पंजीकृत किया गया था। 31 मार्च 2021 को मामला प्रकाश में आने पर कोतवाली नगर पुलिस ने मऊ के श्याम संजीवनी अस्पताल की प्रबंधक डॉक्टर अलका राय के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज किया।

खास खबर

बीजेपी नेता मोहित कम्बोज ने उठाई 'अजान बंद करने की मांग

मुंबई। महाराष्ट्र में भाजपा ने मंगलवार को कहा कि वह ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध मुंबई पुलिस आयुक्त की पहल को ध्यान में रखते हुए शहर भर में लाउडस्पीकर के माध्यम से 'अजान करने के लिए इस्लामी आह्वान पर 'रोक लगाने की मांग करती है। भाजपा नेता मोहित कम्बोज ने कहा कि लाउडस्पीकर से अजान की घोषणा नहीं की जानी चाहिए क्योंकि इससे दूसरों को असुविधा होती है। उन्होंने कहा कि मुंबई पुलिस आयुक्त संजय पांडे से सभी मस्जिद से अवैध लाउडस्पीकर हटाने का अनुरोध करता हूं। अजान होनी चाहिए लेकिन लाउडस्पीकर पर नहीं। उन्होंने ट्विटर पर कहा कि कई उच्च न्यायालयों ने लाउडस्पीकर से अजान रोकने का आदेश दिया है! पुलिस आयुक्त संजय पांडे ने ध्वनि प्रदूषण (एसआईसी) के खिलाफ यह पहल शुरू की है।

बड़ी तैयारी: जल्द ही राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड से जुड़ेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट को शीघ्र ही 'राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) से जोड़ा जाएगा। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने इसकी जानकारी दी। एनजेडीजी लंबित मामलों तथा तालुका से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अदालतों द्वारा मामलों के निपटारे की दर से संबंधित आंकड़ों का संग्रह करता है। वर्तमान में पोर्टल पर केवल उच्च न्यायालय तक के आंकड़े ही दर्शाए गए हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की एक पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें पीठ ने सरकार की राजस्व अभियोग प्रक्रिया को सूचना प्रौद्योगिकी आधारित समाधान के द्वारा सुगम बनाने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ सुप्रीम कोर्ट की ई-समिति के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट न्यायिक डेटा ग्रिड के लिए हमें पहले ही एक मॉड्यूल मिल चुका है। यह डेटा ग्रिड तैयार है और मैंने सप्ताहांत में उसका अवलोकन किया। शीघ्र ही हमारे पास राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड का लिंक होगा ताकि सुप्रीम कोर्ट भी राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड पर उपलब्ध हो सके। केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल बलबीर सिंह द्वारा दाखिल स्थिति रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद शीर्ष अदालत ने कहा कि आंकड़ों में सामने आया है कि अपील दायर करने में अब भी देरी हो रही है।

बिहार और झारखंड में ठप्प हो सकती हैं मोबाइल सेवाएं

नई दिल्ली। बिहार और झारखंड राज्य में मोबाइल सेवाओं पर खतरे की घंटी मंडरा रही है। कुछ कथित यूनियनों ने बिहार और झारखंड क्षेत्र में दूरसंचार सेवाओं को बाधित करने की धमकी दी है। इसको लेकर भारत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदाताओं की एक शीर्ष प्रतिनिधि संस्था डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन (डीआईपीए), ने मंगलवार को बिहार और झारखंड की सरकारों से स्व-घोषित यूनियनों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन (डीआईपीए) के महानिदेशक टीआर दुआ ने अपने बयान में कहा, एक स्व-घोषित यूनियन ने विशेष रूप से मौद्रिक लाभ के संबंध में उनकी कथित अवैध मांगों को पूरा नहीं करने पर दोनों राज्यों - बिहार और झारखंड में दूरसंचार सेवाओं को बाधित करने के लिए एक अवैध धमकी दी है। दुआ ने अपने बयान में कहा हमने झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और बिहार के मुख्य सचिव, अमीर सुभानी से अनुरोध किया है कि वे सभी जिलों में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्बाध दूरसंचार कनेक्टिविटी और दूरसंचार कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने में तत्काल हस्तक्षेप करें। डीआईपीए के सदस्यों में इंडस टावर्स, अमेरिकन टावर कॉर्पोरेशन, समिट डिजीटेल रिलायंस जियो इंफ्राटेल और टावर विजन शामिल हैं।

चुनावों में करारी हार के बाद बोलीं मायावती

नई दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी बसपा सुप्रीमो मायावती ने विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कहा कि बीजेपी को हराना है तो मुस्लिम समाज अपनी भूल सुधारे। सत्ताधारी बीजेपी और समाजवादी पार्टी सपा पर विधानसभा चुनाव में मिलीभगत करने का आरोप लगाते हुए मायावती ने कहा कि इन पार्टियों ने हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करके आतंक और डर का माहौल बनाया। ट्वीट में मायावती ने कहा उत्तर प्रदेश में सपा और बीजेपी की अंदरूनी मिलीभगत जग-जाहिर है कि उन्होंने विधानसभा चुनाव में हिन्दू-मुस्लिम कराकर हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करके यहां डर और आतंक का माहौल बनाया जिससे खासकर मुस्लिम समाज गुमराह हुआ।और उसने सपा को एकतरफा वोट देने की भारी भूल की। इस भूल को सुधार कर ही बीजेपी को यहां हराना संभव है।

वार्न अब हमारे बीच नहीं यह स्वीकार करना मुश्किल : तेंदुलकर

मुम्बई। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर शेन वार्न को याद करते हुए कि इस खिलाड़ी के खिलाफ कड़ी तैयारी से उतरना पड़ा था क्योंकि वह एक कठिन प्रतिस्पर्धी थे। दिवंगत वार्न को श्रद्धांजलि देते हुए सचिन ने कहा कि इस गेंदबाज का सामना करने के लिए हमेशा अलग तरह से तैयारी करनी पड़ती थी। इसका कारण यह है कि वार्न 'माइंड गेम% खेलने में माहिर था और अपने हावभाव से कुछ भी अहसास नहीं होने देते थे। तेंदुलकर ने कहा, 'उनका जिंदगी के प्रति अलग तरह का नजरिया था। वह हमेशा सकारात्मक रहते थे और दिल खोलकर स्वागत करते थे। इसलिए यह स्वीकार करना वास्तव में मुश्किल है कि वह अब हमारे बीच में नहीं है।

गौरतलब है कि सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक वार्न का इस माह की शुरुआत में चार मार्च को 52 वर्ष की उम्र में थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी थी। तेंदुलकर ने कहा, ' वार्न के खिलाफ सही अर्थों में मेरी पहली सही श्रृंखला 1998 में भारत में थी। सभी ने उस श्रृंखला को तेंदुलकर बनाम वार्न करार दिया था जबकि यह हम दोनो के बीच में नहीं बल्कि भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया थी। उन्होंने कहा, 'इस तरह की चीजें आपको दबाव में ला देती है क्योंकि जब आप उनके जैसे विश्वस्तरीय गेंदबाज का सामना कर रहे हों तो आप चीजों को आसान मानकर नहीं चल सकते। तेंदुलकर ने कहा, 'इसलिए मुझे अच्छी तरह से तैयारी करनी थी, न केवल नेट पर बल्कि जब आप कमरे में बैठे हों तब भी आपको उससे एक कदम आगे रहना होगा। आपको यह जानना होगा कि वह क्या सोच रहा होगा क्योंकि वह दबाव बनाने में बहुत अच्छा था और माइंड गेम खेलता था और आपको आउट करने की रणनीति बनाता रहता था। तेंदुलकर का कई बार वार्न से आमना सामना हुआ पर भारत में साल 1998 की श्रृंखला क्रिकेट किस्सों में अहम स्थान रखती है। तेंदुलकर ने कहा, 'आप उनके हाव भाव पर गौर करते हों, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था। उनके हाव भाव के बारे में कोई नहीं जानता था चाहे वार्न ने चार विकेट लिये हों, पांच विकेट लिये हों या एक भी विकेट नहीं लिया हो। वह कड़े प्रतिस्पर्धी थे और उनकी प्रत्येक गेंद में इसका पता चलता था।% उन्होंने कहा, 'इसलिए यदि आप दिन के आखिरी ओवरों में भी उनका सामना कर रहे हों तब भी आपको सतर्क रहना होता था।% तेंदुलकर ने कहा, 'कई अच्छे स्पिनर थे, लेकिन वार्न सबसे हटकर थे। वह उन कुछेक गेंदबाजों से एक थे जिनके खिलाफ आप गेंद को उछाल कर नहीं मार सकते थे। वहीं वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज रहे ब्रायन लारा ने भी वार्न की प्रशंसा की और उन्हें ऑस्ट्रेलिया का सबसे सक्षम खिलाड़ी बताया। लारा ने कहा, 'मैं एक ऐसे देश में पला-बढ़ा हूं जहां स्पिन गेंदबाजी का बोलबाला है। कैरेबियाई क्षेत्र के निचले हिस्सों जैसे त्रिनिदाद, गुयाना में हमने बहुत अच्छी तरह से स्पिन को खेला। वार्न ने कई अन्य खिलाड़ियों को बहुत परेशान किया। मैंने उनके खिलाफ कई जीत हासिल की पर उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने कहा, 'वह हमेशा ऐसी चमत्कारिक गेंद कर जाते थे जिसका आपको आभास तक नहीं होता था। इसलिए अपने पूरे करियर के दौरान वार्न का सामना करते हुए मुझे सतर्क रहना पड़ा। वह बेहतरीन गेंदबाज था जिसमें एक ऐसे गेंदबाजी आक्रमण में अपने लिए जगह बनायी जिसमें जबरदस्त तेज गेंदबाज थे।

मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची ओसाका

कोलिन्स से होगा मुकाबला

मियामी गार्डन्स। जापान की महिला टेनिस स्टार नाओमी ओसाका मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। ओसाका ने अमरीका की एलिसन रिस्के को 6-3, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी है। यहां उनका मुकाबला डेनियल कोलिन्स से होगा। यह इस साल में दूसरी बार है जबकि ओसाका क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। इससे पहले वह जनवरी में मेलबर्न में एक टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। वहीं गत वर्ष वह मियामी ओपन में ही अंतिम आठ में पहुंची थी। ओसाका ने इस जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरे जीवन के सबसे अच्छे समय में से एक है। वहीं एक अन्य मुकाबले में अमरीका की नौवीं वरीयता प्राप्त कोलिन्स ने आठवीं वरीयता प्राप्त ओन्स जबूर को 6-2, 6-4 से हराया । इससे वह विश्व रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष 10 में पहुंच सकती हैं। वहीं इसके अलावा डारिया सैविल भी जीत के साथ ही क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी है। सैविल ने एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में लूसिया ब्रोंज़ेटी को 5-7, 6-4, 7-5 से हराया। अब उनका सामना यहां बेलिंडा बेनसिच से होगा।

वन-टू-वन

पांड्या पहले ही मैच में मिली जीत से उत्साहित हुए

मुम्बई। आईपीएल की नई टीम गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने आईपीएल के 15 सत्र में जीत से शुरुआत पर खुशी जाहिर की है। हार्दिक ने अपनी कप्तानी में टीम को पहले ही मुकाबले में जीत दिलायी है। हार्दिक और मोहम्मद शमी ने दूसरी नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियमय में अहम साझेदारी बनायी। शमी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। 159 रनों के रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस ने तेवतिया और सदरंगानी की आक्रामक पारियों से आसानी से मुकाबला जीत लिया। पांड्या ने कहा कि इस मैच में हमें कई बातें सीखने को मिलीं हैं। हार्दिक ने इस दौरान शमी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि शमी अपनी तेज गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने हमें शानदार शुरुआत दिलाई। वहीं दूसरी ओर लखनऊ टीम के शीर्ष बल्लेबाज नाकाम रहे। लखनऊ के कप्तान लोकेश राहुल ने उभरते हुए खिलाड़ी आयुष बदोनी की जमकर तारीफ करते हुए उसके प्रदर्शन को दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज ए बी एबीडीविलियर्स के समान बताया है। उन्होंने कहा कि वह छोटे पैकेट में बड़ा धमाका है क्योंकि वह मैदान के चारों ओर बड़े शॉट्स खेल सकता है।

एफआईएच महिला विश्व कप में भारतीय टीम का पहला मुकाबला इंग्लैंड से

भुवनेश्वर। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच महिला विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इसमें भारतीय टीम को पूल बी में रखा गया है। भारतीय टीम इसमें अपना पहला मैच तीन जुलाई को इंग्लैंड से खेलेगी। वहीं भारतीय टीम पांच जुलाई को चीन से और सात जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलेगी। भारत एक से 17 जुलाई तक होने वाली इस प्रतियोगिता में पूल चरण के अपने मैच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन के वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेलेगा। वहीं भारतीय महिला टीम की हॉफबैक सुशीला चानू ने कहा कि उनकी टीम किसी भी टीम का सामना करने के लिए तैयार है। इससे फर्क नहीं पड़ता कि किस टीम से हमें खेलना है क्योंकि हमारी सोच और मानसिकता प्रत्येक मैच को अगले मैच की तरह लेने की है। हम प्रत्येक मैच को जीतने की कोशिश करेंगे। चानू ने कहा कि हमने हाल में ओमान के मस्कट में एशिया कप और फिर एफआईएच प्रो लीग में चीन का मुकाबला किया था। इससे हमें फायदा मिलेगा। हम अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ हॉकी प्रो लीग के मैच खेलेंगे। हम न्यूजीलैंड से आखिरी बार 2020 में खेले थे।

आईसीसी टूर्नामेंटों में पुरुष और महिला टीमों की इनामी राशि का अंतर कम करेगी आईसीसी

डुनेडिन। अब विश्व स्तरीय टूर्नामेंट में पुरुष और महिला टीमों को मिलने वाली पुरस्कार राशि का अंतर कम हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) इस अंतर को कम करने पर विचार कर रहा है। आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलाडिर्स ने कहा कि आगामी आठ वर्षों (2024-31) के दौरान महिला क्रिकेट में होने वाले आयोजनों को लेकर होने वाली आईसीसी गवर्निंग काउंसील की बैठक में पुरस्कार राशि को लेकर भी बात होगी।

गौरतलब है कि न्यूजीलैंड में इस समय 2022 आईसीसी महिला विश्व कप का आयोजन हो रहा है हालांकि इस विश्व कप की विजेता टीम को साल 2019 में हुए पुरुष विश्व कप की विजेता टीम के मुकाबले एक तिहाई पुरस्कार राशि ही मिलेगी। आईसीसी सीईओ ने इसको लेकर कहा कि आईसीसी के आर्थिक मामलों संबंधी ज्यादातर निर्णय आठ वर्षों के लिहाज से लिए जाते हैं पर आगामी 8 वर्षों को ध्यान में रखते हुए हम निसंदेह महिला और पुरुष क्रिकेट के बीच पुरस्कार राशि के इस अंतर को कम कर सकते हैं।

आईसीसी के सीईओ कहा कि हम अगले चक्र के आसपास इस पर चर्चा शुरू करने वाले हैं हमारा लक्ष्य महिला और पुरुष क्रिकेट के आयोजनों में टीमों की अंतिम स्थिति में समानता लाना होगा, हालांकि हम इस समय वहां तक नहीं पहुंच पाए हैं, लेकिन हम पुरस्कार राशि की समानता चाहते हैं। अगले वर्ष होने वाले महिला टी-20 विश्व कप से पहले जनवरी 2023 में पहली बार महिला अंडर-19 विश्व कप का आयोजन होना है। अंडर-19 विश्व कप टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। आईसीसी अंडर-19 विश्व कप की मेजबानी को लेकर एक हफ्ते के अंदर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। एलाडिर्स ने इस संबंध में कहा कि 2024 से 2027 के दौरान होने वाले आयोजनों को लेकर चर्चा हो चुकी है, हालांकि इन आयोजनों की मेजबानी पर अंतिम फैसला लिया जाना बाकी है। जुलाई महीने में इसकी पुष्टि हो जाएगी। जुलाई महीने तक इन आयोजनों की मेजबानी के संबंध में हमारे पास आवेदन आ जाएंगे और जुलाई महीने के अंत में होने वाले वार्षिक सम्मेलन के दौरान इस पर फैसला लिया जाएगा।

मिस्र और जोर्डन से अगले माह दोस्तान मैच खेलेगी भारतीय फुटबॉल टीम

नई दिल्ली। भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम अगले महीने अप्रैल में मिस्र और जोर्डन से दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबले खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अनुसार ये मैच पांच और आठ अप्रैल को जोर्डन में खेले जाएंगे। एआईएफएफ ने कहा, ''भारतीय सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम मिस्र और जॉर्डन से दो मैत्री मैच खेलेगी। टीम पांच अप्रैल को मिस्र और आठ अप्रैल को जोर्डन का सामना करेगी। इसके बाद खिलाड़ी इंडियन्स वूमेन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) के लिये अपने अपने क्लबों में जाएंगे।'' अभी भारतीय टीम मुख्य कोच थॉमस डेनरबी के साथ गोवा में अभ्यास शिविर में भाग ले रही है। भारतीय टीम दो अप्रैल को जोर्डन के लिये रवाना होगी।

शिविर में भाग ले रही भारत की 30 सदस्यीय टीम इस प्रकार है =

गोलकीपर: अदिति चौहान, लिनथोइंगंबी देवी, श्रेया हुड्डा, सौम्या नारायणसामी।

रक्षापंक्ति = दलिमा छिब्बर, स्वीटी देवी, ऋतु रानी, आशालता देवी, रंजना चानू, मनीसा पन्ना, अस्तम उरांव, कृतिना देवी।

मध्य पंक्ति = अंजू तमांग, संध्या रंगनाथन, कार्तिका अंगमुथु, रतनबाला देवी, प्रियंगका देवी, काशमीना, इंदुमति कथिरेसन, संजु, मार्टिना थोकचोम, सुमित्रा कामराज।

अग्रिम पंक्ति = अपर्णा नारजरी, ग्रेस डांगमेई, सौम्या गुगुलोथ, मनीषा, प्यारी खाका, रेणु, करिश्मा शिरवोइकर, मरियममल बालमुरुगन।

मल्टीनेशनल कुरियर डिलेवरी कंपनी फेडएक्स के सीईओ होंगे भारतीय मूल के सुब्रमण्यम

न्यूयॉर्क। भारतीय अमेरिकी राज सुब्रमण्यम मल्टीनेशनल कुरियर डिलेवरी कंपनी फेडएक्स के अगले सीईओ होंगे। वर्तमान सीईओ फ्रेडरिक डब्ल्यू स्मिथ के पद छोड़ने के बाद उनके नाम की घोषणा की गई है। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कूरियर डिलीवरी दिग्गज द्वारा हाल ही में जारी की गई एक घोषणा के अनुसार भारतीय अमेरिकी राज सुब्रमण्यम फेडएक्स के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे। सुब्रमण्यम कंपनी के निवर्तमान अध्यक्ष और सीईओ फ्रेडरिक डब्ल्यू स्मिथ की जगह लेंगे। फ्रेडरिक 1 जून को अपना पद छोड़ देंगे। वह अब इसके कार्यकारी अध्यक्ष होंगे। निवर्तमान अध्यक्ष व सीईओ फ्रेडरिक स्मिथ ने कहा ?कि जैसा कि हम आगे की ओर देखते हैं, मुझे बहुत संतुष्टि है कि राज सुब्रमण्यम की क्षमता का एक नेता फेडएक्स को एक बहुत ही सफल भविष्य में ले जाएगा। स्मिथ ने कहा कि वह बोर्ड प्रशासन के साथ-साथ स्थिरता, नवाचार और सार्वजनिक नीति सहित वैश्विक महत्व के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए तत्पर हैं। स्मिथ ने 1971 में फेडएक्स की स्थापना की थी। भावी सीईओ सुब्रमण्यम ने कहा ?कि फ्रेड एक दूरदर्शी नेता और व्यापारिक दुनिया के दिग्गज हैं।

पेट्रोल और डीजल फिर हुआ महंगा

पेट्रोल की कीमत 85 पैसे तो डीजल की 75 पैसे तक बढ़ी

मुंबई। पेट्रोल-डीजल के दामों में मंगलवार को फिर से बढ़ोतरी हुई है। पेट्रोल के दाम 76 से 85 पैसे तक बढ़े हैं तो डीजल के दाम भी 67 से 75 पैसे तक बढ़े हैं। दिल्ली में पेट्रोल के दाम में 80 पैसे और डीजल के दाम में 70 पैसे बढ़े हैं। मुंबई में पेट्रोल के दाम में 85 पैसे और डीजल के दाम में 75 पैसे बढ़े हैं। कोलकाता में पेट्रोल के दाम में 83 पैसे, डीजल के दाम में 70 पैसे बढ़े हैं। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल के दाम में 76 पैसे, डीजल के दाम में 67 पैसे बढ़े हैं। दिल्ली में पेट्रोल 100.21 रुपए प्र?ति लीटर और डीजल 91.47 रुपए प्र?ति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 115.04 रुपए प्र?ति लीटर, डीजल 99.25 रुपए प्र?ति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 109.68 रुपए प्र?ति लीटर, डीजल 94.62 रुपए प्र?ति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल 105.94 रुपए प्र?ति लीटर, डीजल 96 रुपए प्र?ति लीटर हो गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के नुकसान की भरपाई के लिए पेट्रोल-डीजल की कीमत में 15 से 20 रुपए का इजाफा करना होगा। इस लिहाज से देखें तो पेट्रोल-डीजल की कीमत में अभी और 18 रुपए की बढ़ोतरी हो सकती है। पिछले दिनों मूडीज रेटिंग एजेंसी ने रिपोर्ट जारी कर कहा था कि भारत के टॉप फ्यूल रिटेलर्स आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल को नवंबर से मार्च के बीच करीब 2.25 अरब डॉलर (19 हजार करोड़ रुपए) के रेवेन्यू का नुकसान हुआ है। रेटिंग एजेंसी ने कहा ?कि हम उम्मीद करते हैं कि सरकार रिफाइनरी को नुकसान से बचाने के लिए कीमतें बढ़ाने की अनुमति देगी। लगातार दो दिन 80-80 पैसे बढ़ने पर मूडीज ने कहा था कि इससे संकेत मिलता है पेट्रोल-डीजल के दाम एक बार में न बढ़ाकर धीरे-धीरे बढ़ाए जाएंगे।

मजबूती के साथ खुले शेयर बाजार, सेंसेक्स 300 अंक उछला, निफ्टी 17,315.45 पर

मुंबई। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख बने रहने से घरेलू शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स में मंगलवार को शुरुआती कारोबार में ही 300 अंक से ज्यादा का उछाल देखा गया। कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम में आई गिरावट से भी कारोबारी धारणा को समर्थन मिल रहा है। इससे शुरुआती कारोबार में एचडीएफसी, मारुति सुजूकी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों को खासी मजबूती मिली। बीएसई का तीस शेयरों का सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 317.22 अंक चढ़कर 57,910.71 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 93.45 अंक की मजबूती के साथ 17,315.45 अंक पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, मारुति सुजूकी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर लाभ की स्थिति में थे। वहीं आईटीसी, टाटा स्टील और एनटीपीसी के लिए शुरुआती कारोबार नुकसानदेह साबित हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर सोमवार को सेंसेक्स 231.29 अंक बढ़कर 57,593.49 अंक पर बंद हुआ था।

कार्यालय नगर परिषद मालनपुर जिला भिण्ड (म.प्र.)

मेल आईडी-cmomalanpur@mpurban.gov.in

संख्या / 2022 / 692 — मालनपुर, दिनांक 29.03.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत समस्त इच्छुक ठेकेदारों से मालनपुर नगरीय क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पेयजल टैंकर द्वारा उपलब्ध कराने हेतु कार्य अनुमानित लागत 20,00000/-रु.. धरोहर राशि 20,000/- रू. निविदा प्रपत्र मूल्य 2000/-रु. टेण्डर कमांक 2022_UAD_193808_1 हेतु ऑनलाईन निविदा दरें दिनांक 28/04/2022 तक आमंत्रित की जाती है। प्रति टैंकर में डीजल, ड्राइवर टूट फूट के प्रति चक्कर की दर से प्रस्तुत करें तथा कार्यालीन समय में कार्यालय में विस्तृत जानकारी प्राप्त करें। इस संबंध में विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

शर्तें:-

1. सप्लायर / ठेकेदार को कार्यालय में स्वयं / अपना प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित करना होगा। जो टैंकर प्रदाय करने हेतु जिससे ठेकेदार / अधिकृत प्रतिनिधि हस्ताक्षर करेगा तथा 30 मिनट के भीतर नगरीय क्षेत्र में बांछित स्थल पर पानी का टैंकर भिजवाएगा।
2. मशीनरी टेक्टर/ टैंकर की किसी भी टूट फूट के लिये नगर पालिका परिषद जिम्मेदार नही होगा। किसी हॉनि के लिये ठेकेदार/सप्लायर जिम्मेदार रहेगा।
3. आकस्मिक रूप से कभी-भी पानी की आवश्यकता पड़ सकती है। अतः ठेकेदार को अपना 3 ट्रेक्टर तथा 3 टैंकर सदैव तैयार करके रखना होगें। यदि दिन में एक साथ 3 ट्रेक्टर व 3 टेंकर की आवश्यकता पड़ती है तो एक साथ 3 ट्रेक्टर भेजने होंगे।
4. निकाय द्वारा अधिकृत कर्मचारी एक रजिस्टर संधारित करेंगे जिसमें प्रतिदिन सप्लाय होने वाले टैंकरो की जानकारी अंकित करनी होगी।
5. टैंकर को क्षमता 3000 लीटर होनी चाहिये पानी की गुणवत्ता निर्धारित मानक की होनी चाहिये आवश्यकता पड़ने पर पानी की टेस्टिंग प्रति सप्ताह PHE लेब से ठेकेदार को कराकर देना होगी/ टैंकर में 5 टोटी लगी होनी चाहिये।
6. ठेकेदार/अथवा रूधिकृत व्यक्ति अपना मोबाइल नं. कार्यालय में देगा मोबाइल 24 घण्टे चालू रखना होगा। तथा निकाय कर्मचारी के निरन्तर सम्पर्क में रहना होगा।
7. यदि ठेकेदार उपरोक्त शर्त में किसी शर्त का उल्लंघन करता है तो जमाशुदा अमानत राशि राजसात कर ठेका निरस्त कर दिया जावेगा, तथा उक्त दर पर किसी अन्य ठेकेदार को नियुक्त करने हेतु नगर पालिका परिषद स्वतंत्र रहेगी।
8. ठेकेदार के पास ट्रैक्टर तथा पानी के टैंकर सही हालत में होना चाहिये। संबंधित ट्रेक्टर के आवश्यक कागजात टेण्डर के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
9. पानी के दर प्रति टैंकर के मान से प्रस्तुत करना होगी।
10. ठेकेदार को अपना रजिस्ट्रेशन, प्रस्तुत करना होगा। विना अमानत राशि का टेण्डर नहीं खोला जावेगा।
11. पेयजल सप्लाई की अवधि निकाय द्वारा निर्धारित की जायेगी ।
12. ट्रेक्टर एक ही परिवार को पानी प्रदाय नहीं करेगा। गली के प्रत्येक परिवार को टैंकर से पानी भरने देगा।
13. टैंकर में पीछे 5 टोटियों अच्छी गुणवत्ता की लगाएगा। सामान्यता एक परिवार को 100 लीटर पानी भरने देगा। इस प्रकार एक टैंकर से लगभग 30 परिवारों को पानी प्रदाय करेगा।
14. ठेकेदार नगर परिषद के अधिकृत व्यक्ति से एक माँग का टोकन प्राप्त करेगा। जिसमें आवेदक का नाम वार्ड न. स्थल का नाम समय दिनांक का उल्लेख होगा। उक्त टोकन बिल के साथ ठेकेदार को प्रस्तुत करने होगे।
15. प्रति टेंकर दर में समस्त दरें समस्त टेंकरो के साथ शामिल कर प्रस्तुत करनी होगी चाहे वो किसी भी नाम से जाने जाते हो और बिल से शासन से नियमानुसार टेक्स कटोत्रा किये जायेगे।
16. अन्य शर्ते नगर परिषद में अवलोकन की जाने के बाद ही निविदा प्रस्तुत की जावे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मालनपुर भिण्ड
मालनपुर, दिनांक 29.03.2022

आयुष्मान खुराना को याद आ रहे हैं पुराने दिन

आयुष्मान खुराना को याद आ रहे हैं पुराने दिन बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना अपनी निजी जिंदगी में डाउन टू अर्थ हैं। अपनी फिल्मों में दमदार एक्टिंग से फिल्म को हिट बनाने का माद्दा रखने वाले आयुष्मान खुराना सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं और अपनी फिल्म और निजी जिंदगी से जुड़ी फोटों शेयर करते रहते हैं। हाल ही में उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए एक पोस्ट शेयर किया है, आयुष्मान खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में आयुष्मान शर्टलेस हैं। उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई है और वह उसमें बेहद उदास नजर आ रहे हैं। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना अपनी निजी जिंदगी में डाउन टू अर्थ हैं। अपनी फिल्मों में दमदार एक्टिंग से फिल्म को हिट बनाने का माद्दा रखने वाले आयुष्मान खुराना सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं और अपनी फिल्म और निजी जिंदगी से जुड़ी फोटों शेयर करते रहते हैं। हाल ही में उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए एक पोस्ट शेयर किया है, आयुष्मान खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में आयुष्मान शर्टलेस हैं। उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई है और वह उसमें बेहद उदास नजर आ रहे हैं। आयुष्मान खुराना ने अपने पोस्ट में लिखा, 'मैं अपने लंबे बालों को मिस करता हूं। मैं अपने बालों को बांधने के लिए रबर बैंड लगाता था उसे भी मिस करता हूं। मैं उन दिनों को मिस करता हूं जब घंटों सोता रहता था। मुझे उन दिनों की याद आती है जब मैं अपने होमटाउन की झील के किनारे लंबी सैर पर जाता था। मुझे अपनी पसंदीदा गानों की प्ले लिस्ट की याद आती है, जिन्हें मैं जब खुश होता था तो सुनता था। लेकिन आगे बढ़ते रहना ही जिंदगी की सच्चाई है'। आयुष्मान खुराना के इस पोस्ट पर फैंस लगातार रिएक्शन दे रहे हैं। किसी ने तारीफ की तो किसी ने उनके पसंदीदा गानों की प्लेलिस्ट भी शेयर करने की मांग कर डाली। वर्कफ्रेंट की बात करें तो आयुष्मान खुराना के पास कई फिल्में है जो अगले दो तीन महीनों में रिलीज होने वाली है।

श्रद्धा कपूर के साथ कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे राजकुमार राव

श्रद्धा कपूर के साथ कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे राजकुमार राव बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर के साथ कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। राजकुमार राव इस समय अपनी अगली फिल्म रूही को लेकर सुर्खियों में हैं। राजकुमार राव ने मुदस्सर अजीज की कॉमेडी फिल्म भी साइन कर ली है। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर के साथ कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। राजकुमार राव इस समय अपनी अगली फिल्म रूही को लेकर सुर्खियों में हैं। राजकुमार राव ने मुदस्सर अजीज की कॉमेडी फिल्म भी साइन कर ली है। बताया जा रहा है कि पहले यह फिल्म अक्षय कुमार को ऑफर हुयी थी लेकिन डेटस नहीं होने की वजह से अक्षय ने यह फिल्म छोड़ दी। फिल्म में अक्षय कुमार की जगह अब राजकुमार राव नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में राजकुमार राव के साथ श्रद्धा कपूर नजर आ सकती है। बताया जा रहा है कि राजकुमार जल्द ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर देंगें। माना जा रहा है कि फिल्म इसी साल या 2022 की शुरूआत में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म को जैकी भगनानी प्रोड्यूस करने वाले हैं।

काजोल ने कॉफी बहुत पसंद होने की बात साझा की

अभिनेत्री काजोल ने बुधवार को कॉफी को बहुत प्यार करने की अपनी कहानी शेयर की। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, एक समय की बात है, जहां एक लड़की रहती थी। उसे कॉफी बहुत पसंद थी .. और वे खुशी-खुशी रहते थे। समाप्त। काजोल इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स से हमेशा मस्ती करती रहती हैं। हाल ही में पोस्ट की गई एक अन्य स्टोरी में अभिनेत्री ने लिखा, मजबूत लोग भी टूट जाते हैं, वे बस चुप रहते हैं, पुनर्निर्माण करते हैं और चलते रहते हैं।

सुनयना फौजदार ने बताई दया बेन के वापसी को लेकर बात

टेलीविज़न इतिहास के सबसे मशहूर कॉमेडी सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा को 13 साल हो चुके है। ये शो आज भी लोगो को काफी भाता है। बीते कुछ समय से शो के हालाँकि कई किरदार शो को छोड़ कर जा चुके है। हालाँकि इससे शो को कुछ खास फर्क नहीं पड़ा है। हल ही में नेहा मेहता के किरदार अंजलि को रिप्लेस करने वाली सुनैना फौजदार ने दयाबेन के वापसी को लेकर बात की। साल 2017 के बाद से दिशा शो मे वापस नहीं आई है। हालाँकि कुछ सीन के जरिये एकाध बार उन्हें देखा गया है, हालाँकि इसके बावजूद भी उनके वापस को लेकर कोई स्पष्ट बात अब तक मालूम नहीं चला है। दिशा ने उस समय शो को प्रेगनेंसी के कारन से छोड़ा था। दिशा के शो छोड़ने के बाद मेकर्स कई बार उन्हें वापस लाने की कोशिश किये लेकिन सफलता किसी को नहीं मिला। हालाँकि असित मोदी ने भी दिशा का कोई रिप्लेसमेंट नहीं ढूंढा। सुनैना ने कहा की, काश मुझे इस सवाल का जवाब मालूम होता। मैं दिशा से कभी नहीं मिली लेकिन उनसे मिलना चाहूंगी। हमे अब तक उनकी वापस को लेकर कोई बात नहीं बताई गयी है। हम में से किसी को इस बात की जानकरी नहीं है। हालाँकि शायद असित सर के पास इसका जवाब हो हम खुद भी कई बार एक दूसरे से पूछा करते है। किसी को कुछ नहीं मालूम है। इसके अलावा सुनैना ने कहा की शो सभी का है और यही इसकी ख़ास बात है।

निर्यात को बढ़ावा

काफी समय से यह मांग उठती रही है कि अर्थव्यवस्था की मजबूती देने और व्यापारिक घाटा पाटने के लिए निर्यात को बढ़ावा देना चाहिए। यह पहली बार है, जब सरकार के घोषित लक्ष्य को प्राप्त करते हुए चालू वित्त वर्ष में निर्यात चार सौ अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। यह ऐसे समय में संभव हो सका है, जब दुनिया भर में कोविड महामारी के चलते आर्थिक गतिविधियां शिथिल पड़ी हुई थीं और फिर रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से बाहर के बाजार पर संकट मंडराना शुरू हो गया। निस्संदेह इस उपलब्धि से सरकार का मनोबल बढ़ा और अर्थव्यवस्था को जल्दी पटरी पर लाने के संकल्प को मजबूती मिली है। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस उपलब्धि का जिक्र करते हुए देश को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत ने 400 अरब डॉलर के एक्सपोर्ट का लक्ष्य हासिल कर लिया है। इससे भारत की क्षमता का हमें पता चलता है। साफ है कि भारत के सामान की दुनिया में मांग बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने इसे बड़ी उपलब्धि मानते हुए कहा है कि यह आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा। स्वाभाविक ही निर्यात बढ़ने से एमएसएमई यानी सूक्ष्म, छोटे और मझोले उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। एमएसएमई में बेहतरी का अर्थ है, रोजगार के नए अवसर पैदा होना, क्योंकि इस क्षेत्र में सबसे अधिक रोजगार के अवसर हैं। कोरोना महामारी की वजह से हुई पूर्णबंदी ने इस क्षेत्र की बहुत बुरी गत बना दी थी। अब निर्यात बढने से इस क्षेत्र को बल मिलेगा। दुनिया के बाजारों में अभी तक चीन, अमेरिका आदि कुछ देशों का वर्चस्व है। उसे तोड़ना भारत के लिए कठिन बना हुआ था। मगर कोरोना काल में जब दुनिया के बड़े कल-कारखाने बंद हुए तो भारत जैसे देशों को उन बाजारों में पैर पसारने की जगह मिल गई। भारत के जिन क्षेत्रों में निर्यात की दर बढ़ी है, वे पेट्रोलियम उत्पाद, रसायन, रत्न, आभूषण और इंजीनियरिंग हैं। इन क्षेत्रों में रोजगार के अवसर काफी हैं। रत्न के कारोबार में भारत पहले से अग्रणी देशों में शुमार है। इसमें कुटीर उद्योग के रूप में काम करने वाले भी बहुत सारे लोग जुड़े होते हैं। कोविड की वजह से अर्थव्यवस्था में आई मंदी के दौर में सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती रोजगार के नए अवसर पैदा करने की है। बंदी के दौरान लाखों लोगों के रोजगार छिन गए, एमएसएमई के बहुत सारे कल-कारखानों में ताले पड़ गए। उनके पास नए सिरे से कारोबार करने की पूंजी तक नहीं बची, कर्ज का बोझ ऊपर से था। हालांकि आसान शर्तों पर सरकार ने कर्ज की व्यवस्था की थी, पर उद्यमियों की हिम्मत जवाब दे गई थी। इसकी बड़ी वजह थी कि उनके उत्पाद के लिए बाजार नजर नहीं आ रहा था। आयात के मुकाबले निर्यात के बढने की एक बड़ी वजह यह भी है कि सरकार ने घरेलू उत्पाद को बढ़ावा देना शुरू किया है। कई वस्तुओं पर आयात शुल्क बढ़ा दिया है, जिसके चलते बाहर की वस्तुओं की अपेक्षा कीमत और गुणवत्ता में देशी उत्पाद प्रतिस्पर्धा में खड़े हो सके हैं। फिर बाहर के बाजारों में नई जगहें तलाशने में कामयाबी मिली है, यह ज्यादा संतोष की बात है। अभी तक गुणवत्ता और कीमत के स्तर पर भारतीय उत्पाद विदेशी वस्तुओं के सामने प्रतिस्पर्धा में खड़े नहीं हो पा रहे थे। अब उनकी पहुंच बढ़ रही है तो यह इस बात का संकेत है कि बाहर के बाजारों में भारतीय उत्पाद की गुणवत्ता पर वहां के लोगों का भरोसा बढ़ा है। कारोबार में यह उछाल बना रहा, तो बहुत जल्दी इसके सकारात्मक नतीजे नजर आने लगेंगे।

पर्यावरण चिंतन - प्रतिवर्ष 70 लाख लोगों की जान ले रहा है वायु प्रदूषण

योगेश कुमार गोयल

स्विस संगठन 'आईक्यू एयर' द्वारा हाल ही में 2021 की 'वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट' जारी की गई है, जिसमें दुनियाभर के कुल 117 देशों के 6475 शहरों के डेटा का विश्लेषण करने के बाद यह निष्कर्ष सामने आया है कि विश्व का कोई भी शहर ऐसा नहीं है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा निर्धारित किए गए मानकों पर खरा उतरता हो। डब्ल्यूएचओ की यूएन एनवायरमेंट प्रोटेक्शन एजेंसी द्वारा इस रिपोर्ट के आधार पर विश्वभर के शहरों की एयर क्वालिटी की जो रैंकिंग जारी की गई है, उसके मुताबिक वायु प्रदूषण के मामले में भारत की स्थिति तो बेहद खराब है। इस रिपोर्ट के मुताबिक हालांकि दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित देशों में भारत छठे स्थान पर है लेकिन चौंकाने वाली स्थिति यह है कि प्रदूषण पर लगाम लगाने की तमाम कवायदों के बावजूद देश की राजधानी दिल्ली फिर से दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी के रूप में सामने आई है। इतना ही नहीं, दुनियाभर के 50 सबसे ज्यादा खराब एयर क्वालिटी वाले शहरों में से 35 शहर तो भारत के ही हैं। मध्य और दक्षिण एशिया के सर्वाधिक प्रदूषित 15 शहरों में 12 भारत के हैं। भारत के संदर्भ में तो रिपोर्ट का सार यही है कि राजधानी दिल्ली के अलावा भी देश के अधिकांश स्थानों पर लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने को विवश हैं, जिस कारण उनमें तमाम गंभीर बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। वायु प्रदूषण स्वास्थ्य पर गंभीर असर डालते हुए कई गंभीर बीमारियों का कारण तो बनता ही है, साथ ही इससे किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को भी बहुत बड़ी चोट पहुंचती है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वायु प्रदूषण संकट की आर्थिक लागत भारत जैसे देश के लिए सालाना 150 अरब डॉलर से भी ज्यादा हो सकती है।

वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट के मुताबिक भारत में वर्ष 2021 में पीएम2.5 का वार्षिक औसत स्तर 58.1 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक पहुंच गया था जबकि राजधानी दिल्ली में यह 2020 के पीएम2.5 के वार्षिक औसत स्तर 84 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के मुकाबले 2021 में 14.6 फीसदी वृद्धि के साथ 96.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर पहुंच गया। दिल्ली में प्रदूषण का यह स्तर डब्ल्यूएचओ द्वारा निर्धारित मानकों से 19 गुना से भी ज्यादा है। राजस्थान का भिवाड़ी 106.2 पीएम2.5 स्तर के साथ सबसे प्रदूषित क्षेत्रीय शहर है जबकि दूसरे स्थान पर 102 पीएम2.5 के साथ गाजियाबाद है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के 15 शहर तो ऐसे हैं, जहां पीएम2.5 का स्तर निर्धारित मानकों से 17 से 21 गुना ज्यादा है। ऐसे में सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि वायु प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य पर खतरे किस कदर बढ़ रहे हैं। हिन्दी अकादमी के सौजन्य से प्रकाशित अपनी बहुचर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों का विस्तृत विश्लेषण करते हुए विस्तार से यह बताया है कि प्रदूषित हवा में सांस लेने और वायु प्रदूषण के निरन्तर सम्पर्क में रहने से कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल जिस हवा में हम सांस लेते हैं, उसमें मौजूद प्रदूषित कण 'पीएम' (पार्टिकुलेट मैटर) शरीर में प्रवेश कर कई गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं। प्रदूषित हवा में अनेक हानिकारक बैक्टीरिया भी होते हैं, जो सांस के जरिये शरीर में प्रवेश कर जाते हैं और निमोनिया जैसी गंभीर बीमारियों को निमंत्रण दे सकते हैं। हाल ही में यूनिवर्सिटी ऑफ वेरोना द्वारा किए गए एक अध्ययन में बताया गया है कि लंबे समय तक प्रदूषित हवा में सांस लेने वाले लोगों में कैंसर की बीमारी का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रदूषित हवा में सांस लेने के कारण ही कैंसर, महिलाओं में गर्भपात की समस्या, गंभीर मानसिक समस्याओं के अलावा भी तरह-तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

वायु प्रदूषण के कारण शरीर पर कई तरह के दुष्प्रभाव पड़ते हैं और इससे मौत का खतरा भी बढ़ जाता है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़े बताते हैं कि वायु प्रदूषण विश्वभर में प्रतिवर्ष करीब 70 लाख लोगों की जान ले रहा है। वायु प्रदूषण के कारण श्वसन तंत्र को गंभीर नुकसान होता है। लंबे समय तक प्रदूषित हवा में सांस लेने से नाक में जलन तथा सूजन की समस्या हो सकती है और नाक तथा श्वांस नली में गंभीर संक्रमण हो सकता है। दूषित वायु में सांस लेने से हृदय

की सेहत पर भी गंभीर असर पड़ता है। हृदय में रक्त संचार सुचारू रूप से नहीं हो पाने के कारण रक्त की धमनियां रुक जाती हैं, जिससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। हृदय पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों के कारण ब्लड प्रेशर भी बढ़ सकता है। मानव शरीर की मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली शरीर में प्रवेश करने वाली बीमारियों से लड़ने का कार्य करती है किन्तु लंबे समय तक वायु प्रदूषण के सम्पर्क में रहने के कारण लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर होने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर गंभीर असर पड़ता है और ऑटोइम्यून बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में शरीर का इम्यून सिस्टम ही शरीर की कोशिकाओं पर हमला कर देता है। दूषित हवा में कई प्रकार की विषैली गैसों का मिश्रण होता हैं, जिसमें सांस लेने से फेफड़ों की कोशिकाएं सही से काम नहीं कर पाती और शरीर में सही मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाता। इस वजह से फेफड़ों के कैंसर का खतरा कई गुना ज्यादा हो जाता है। विभिन्न अध्ययनों से यह पुष्टि हो चुकी है कि वायु प्रदूषण अब किडनी के लिए भी बड़ा खतरा बनने लगा है। दरअसल दूषित वायु में पीएम 2.5 के अलावा शीशा, पारा और कैडमियम जैसे भारी तत्व भी मौजूद होते हैं, जो धीरे-धीरे किडनी को खराब करते हैं। प्रदूषण के कारण शरीर में होने वाली ऑक्सीजन की कमी से किडनियों की कार्यक्षमता बाधित होती है। प्रदूषित माहौल में ज्यादा समय बिताने वाले लोगों की किडनियां रक्त को सही तरीके से फिल्टर नहीं कर पाती, जिससे किडनी के अलावा अन्य समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। लिवर पर भी वायु प्रदूषण का बहुत बुरा असर पड़ता है, यह धीरे-धीरे रक्त से विषैले तत्वों को बाहर करने की क्षमता खोने लगता है। वायु प्रदूषण के कारण फैटी लिवर और लिवर कैंसर का खतरा बढ़ता है और ऐसे में लिवर धीरे-धीरे पूरी तरह खराब हो सकता है। वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों के ही कारण प्रायः लिवर की एडवांस बीमारी मानी जानी वाली 'लिवर फाइब्रोसिस' की समस्या उत्पन्न होती है, जो बढ़ते-बढ़ते 'लिवर सिरोसिस' का रूप ले लेती है। ऐसी स्थिति में पहुंचने पर यह बीमारी लिवर की कोशिकाओं को नष्ट करने लगती है, जो ऐसे व्यक्ति के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। बढ़ता वायु प्रदूषण अब गंभीर मानसिक समस्याओं का कारण भी बनने लगा है। अनेक अध्ययनों में यह पुष्टि हो चुकी है कि लंबे समय तक प्रदूषित हवा में सांस लेने और ऐसे ही वातावरण में रहने से गंभीर मानसिक समस्याएं हो सकती हैं।

बढ़ते वायु प्रदूषण का गंभीर असर अब मासूम बच्चों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। गर्भ में पल रहे शिशु के लिए प्रदूषित हवा बहुत खतरनाक हो सकती है, जो शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास पर गहरा असर डालती है। ऐसे शिशुओं को जन्म से ही इम्यून सिस्टम की कमजोरी, सर्दी-जुकाम, निमोनिया जैसी विभिन्न समस्याएं अपनी चपेट में ले सकती हैं और इसके अलावा भी कई प्रकार के विकार हो सकते हैं। बहरहाल, वायु प्रदूषण के अर्थव्यवस्था के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य पर बढ़ते खतरों के मद्देनजर वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट ने एक बार फिर हमें यह सोचने-विचारने का अवसर प्रदान किया है कि यदि हम स्वच्छ और उन्मुक्त हवा में सांस लेकर अपना और अपनी भावी पीढ़ियों का भविष्य बीमारियों रहित बनाना चाहते हैं तो हमें अब सरकारी प्रयासों के साथ-साथ सामुदायिक तौर पर भी वायु प्रदूषण पर लगाम कसने के लिए गंभीरता से प्रयास करने होंगे।

मृत्यु का अर्थ

मृत्यु एक शात सत्य है। यह अनुभूति प्रत्यक्ष प्रमाणित है, फिर भी इसके संबंध में कोई दर्शन नहीं है। अब तक जितने ऋषि-महर्षि या संत-महंत हुए हैं, उन्होंने जीवन दर्शन की चर्चा की है। जीवन के बारे में ऐसी अनेक दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनसे जीवन को सही रूप में समझा जा सकता है और जिया जा सकता है। किंतु मृत्युक को एक अवश्यंभावी घटना मात्र मानकर उपेक्षित कर दिया गया। मृत्यु के पीछ भी कोई दर्शन है, इस रहस्य को अधिक लोग पकड़ ही नहीं पाए। यही कारण है कि जीवन दर्शन की भांति मृत्यु दर्शन जीवन में उपयोगी नहीं बन सका। जैन दर्शन एक ऐसा दर्शन है जिसने जीवन को जितना महत्व दिया, उतना ही महत्व मृत्यु को दिया। बशत्रे कि वह कलात्मक हो। कलात्मक जीवन जीने वाला व्यक्ति जीवन की सब विसंगतियों के मध्य जीता हुआ भी उसका सार तत्व खींच लेता है। इसी प्रकार मृत्यु की कला समझने वाला व्यक्ति भी मृत्यु से भयभीत न होकर उसे चुनौती देता है। जैन दर्शन में इसका सर्वांगीण विवेचन उपलब्ध है। मृत्यु का अर्थ है- आयुष्य प्राण चुक जाने पर जीव का स्थूल शरीर से वियोग।इसके कई प्रकार हैं। उन सबका संक्षिप्त वर्गीकरण किया जाए तो मृत्यु के दो प्रकार होते हैं- बाल मरण और पंडित मरण. असंयम और असमाधिमय मरण बाल मरण है। अकाल मृत्यु, आत्महत्या, अज्ञान मरण आदि सभी प्रकार के मरण बाल मरण में अंतर्निहित हैं। संयम और समाधिमय मृत्यु पंडित मरण है। जीवन के अंतिम क्षणों में भी संयम और समाधि का स्पर्श हो जाए तो वह मरण पंडित मरण की गणना में आ जाता है। कुछ व्यक्ति मौत के नाम से ही घबराते हैं। वे जीवन को महत्व देते हैं। अपना-अपना चिंतन है। मुझे इस संबंध में अपने विचार देने हों तो मैं मृत्यु को वरीयता दूंगा।

भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे की विजय है पांच राज्यों का जनसमर्थन

डॉ. सौरभ मालवीय

योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली. मुख्यमंत्री के रूप में यह उनकी दूसरी पारी है. जब वर्ष 2017 में वह पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब उनके पास शासन का कोई अनुभव नहीं था, परन्तु इस बार उन्हें पांच वर्ष सत्ता में बने रहने का अनुभव है. वह पांच वर्ष की योजनाएं नहीं बना रहे हैं, अपितु वह डेढ़ दशक तक भाजपा को राज्य एवं केंद्र सत्ता स्थापित रखने की रणनीति पर कार्य कर रहे हैं. योगी-दो कैबिनेट में गुजरात मॉडल की झलक स्पष्ट दिखाई दे रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुझाव पर यूपी के मंत्रिमंडल को आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत बनाया गया है. इसलिए भाजपा आगामी पन्द्रह वर्षों की रणनीति बनाकर चल रही है. देश के पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर विधानसभा चुनाव में प्राप्त हुई विजय ने भाजपा में नई ऊर्जा का संचार कर दिया है. इस विजय ने यह भी सिद्ध कर दिया है कि यह भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे की विजय है। जनता ने भाजपा में विश्वास जताया है तथा भाजपा की नीतियों का समर्थन किया है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अब अधिक समय नहीं बचा है. उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा था, क्योंकि यही चुनाव आगे के लोकसभा चुनाव की दिशा निर्धारित करता है। भाजपा ने सेमीफाइनल तो जीत लिया है, अब फाइनल जीतना शेष है. इसलिए भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है. इसलिए योगी-दो के मंत्रिमंडल में सूझबूझ से काम लिया गया है. योगी के कुल 52 सदस्यीय मंत्रिमंडल में 16 कैबिनेट, 14 स्वतंत्र प्रभार एवं 20 राज्य मंत्री हैं. पिछली सरकार में मंत्री रहे दिनेश शर्मा, श्रीकांत शर्मा, सतीश महाना, नीलकंठ तिवारी, सिद्धार्थ नाथ सिंह, जय प्रताप सिंह पटेल, सतीश महाना, मोहसिन रजा एवं आशुतोष टंडन सहित 20 लोगों को इस बार योगी मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया गया. ओबीसी नेता व एमएलसी केशव मौर्य दूसरी बार उप मुख्यमंत्री बनाए गए हैं, यद्यपि वह सिराथू से चुनाव हार गए थे. उनके साथ ही बृजेश पाठक को भी उप मुख्यमंत्री बनाया गया है. पिछली सरकार में वह कानून मंत्री थे।

उन्होंने दिनेश शर्मा का स्थान लिया है. सुरेश कुमार खन्ना को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है. वह शाहजहांपुर से नौवीं बार विजयी होकर सदन पहुंचे हैं. पिछली कैबिनेट में वह वित्त मंत्री थे. पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सूर्य प्रताप शाही को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है. वह पिछली सरकार में कृषि मंत्री थे. प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी स्वतंत्र देव सिंह को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है. वह पिछली सरकार में भी मंत्री थे. नंद गोपाल नंदी को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है. वह पिछली सरकार में भी मंत्री थे. धर्मपाल सिंह को भी कैबिनेट में स्थान मिला है. वह पिछली सरकार में सिंचाई मंत्री थे. उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य को भी कैबिनेट में स्थान दिया गया है. जात नेता लक्ष्मी नारायण चौधरी को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है. वह बहुजन समाज पार्टी से भाजपा में आए हैं. समाजवादी पार्टी के गढ़ मैनपुरी से विजयी हुए जयवीर सिंह को भी कैबिनेट में स्थान दिया गया है. अनिल राजभर को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है, वह पिछली सरकार में भी मंत्री थे. वह सपा सरकार में भे रह चुके हैं. राकेश सचान को भी कैबिनेट में स्थान दिया गया है. भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा को भी योगी कैबिनेट में स्थान दिया गया है. वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खास माने जाते हैं. वह आईएएस की नौकरी छोड़कर राजनीति में आए थे. तीसरी बार विधायक बने योगेंद्र उपाध्याय को भी कैबिनेट में स्थान दिया गया है. एमएलसी भूपेन्द्र चौधरी को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है. वह पिछली सरकार में पंचायती राज मंत्री थे.एमएलसी जितिन प्रसाद को भी कबिनेट में स्थान दिया गया है. वह कांग्रेस से भाजपा में आए हैं. एमएलसी आशीष पटेल को भी कैबिनेट में स्थान दिया गया है. वह अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं. एमएलसी संजय निषाद को भी कैबिनेट में स्थान मिला है. वह निषाद पार्टी के अध्यक्ष हैं. भाजपा पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप एवं पूर्व आइपीएस असीम अरुण को स्वतंत्र प्रभार मंत्री बनाया गया है. एमएलसी धर्मवीर प्रजापति, संदीप सिंह लोधी, अजीत पाल, रवीन्द्र जायसवाल को भी स्वतंत्र प्रभार मंत्री बनाया गया है।

अपनों के निशाने पर कांग्रेस पार्टी

सूडोकु नवताल- 6025

★★★★☆ मध्यम

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6024 का हल

7	8	4	9	5	2	6	1	3
9	6	2	4	3	1	8	5	7
1	3	5	7	8	6	2	4	9
4	2	3	6	1	5	9	7	8
8	5	9	2	4	7	1	3	6
6	7	1	3	9	8	4	2	5
3	1	7	8	6	4	5	9	2
5	9	6	1	2	3	7	8	4
2	4	8	5	7	9	3	6	1

रमेश सर्राफ धमोरा

पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस पार्टी अपने ही नेताओं के निशाने पर आ गई है। जी-23 ग्रुप के नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने तो सीधे गांधी परिवार पर हमला करते हुए उन्हें पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देकर दूसरे किसी कांग्रेस जन को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने तक की मांग कर डाली है। कपिल सिब्बल के बाद बहुत से नेताओं ने भी पार्टी संगठन में आमूलचूल बदलाव की मांग की है। कांग्रेस पार्टी इस समय अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। कांग्रेस पार्टी दो बार लोकसभा तथा राज्यों के विधानसभा चुनाव में लगातार हारती जा रही है। हाल ही में कांग्रेस पार्टी को उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा व मणिपुर में बहुत बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रांत में तो कांग्रेस का सूपड़ा ही साफ हो गया है। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद जहां भाजपा का प्रदर्शन लगातार अच्छा होता जा रहा है। वही कांग्रेस दिनों दिन कमजोर होती जा रही है। कुछ दिनों पूर्व संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस महज दो सीटें ही जीत सकी है। जबकि 2017 में कांग्रेस 7 सीटों पर विजय हुई थी। इस बार कांग्रेस को 21 लाख 51 हजार 234 वोट मिले जो पिछली बार 54 लाख 16 हजार 540 वोटों की तुलना में 32 लाख 65 हजार 306 वोट यानी 3.92 प्रतिशत कम मिले हैं। इस बार कांग्रेस 397 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जबकि पिछली बार समाजवादी पार्टी से समझौता होने के

चलते महज 114 सीटों पर ही चुनाव लड़ पाई थी।

उत्तराखंड में कांग्रेस 70 में से 19 सीटें ही जीत पाई है। जबकि इस बार कांग्रेस को सबसे अधिक विश्वास उत्तराखंड में सरकार बनाने का था। मगर वहां 4.40 प्रतिशत वोट बढ़ने के बावजूद भी कांग्रेस सरकार बनाने से बहुत पीछे रह गई। इतना ही नहीं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत इस बार भी लालकुआं विधानसभा सीट से भाजपा के डॉ मोहन सिंह बिष्ट से करीब 17 हजार वोटों से चुनाव हार गए। 2017 में भी हरीश रावत मुख्यमंत्री रहते दो विधानसभा सीटों से चुनाव हार गए थे।

कांग्रेस को सबसे बुरी स्थिति का पंजाब में सामना करना पड़ा है। यहां कांग्रेस महज 18 सीटों पर ही सिमट कर रह गई। उसे 59 सीटों का नुकसान उठाना पड़ा है। कांग्रेस का वोट प्रतिशत भी घटकर 22.98 प्रतिशत रह गया है। जो पिछली बार की तुलना में 15.66 प्रतिशत कम है। कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री रहे चरणजीत सिंह चन्नी दोनों विधानसभा सीटों चमकौर साहिब व भदौड़ से तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू अमृतसर पूर्व सीट से चुनाव हार गए हैं। इसके अलावा कांग्रेस के अधिकांश मंत्री व बड़े नेता चुनाव हार गए हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के बाद पंजाब में भी कांग्रेस से सत्ता छीन ली है। राजनीति के जानकार गोवा विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस की सरकार बनने के कयास लगा रहे थे। लोगों का मानना था कि लगातार 15 साल से सत्ता में रहने के कारण भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर व्याप्त हो रही थी। जिसका लाभ कांग्रेस को मिलता नजर आ रहा था। मगर चुनाव परिणामों में कांग्रेस बुरी तरह पिछड़ गई। कांग्रेस को 40 में से महज 11 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। 20 सीटें जीतकर भाजपा फिर सरकार बनाने जा रही है। गोवा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को पिछली बार की तुलना में 6 सीटों का व 4.58 प्रतिशत वोटों का घाटा उठाना पड़ा है। गोवा के मतदाताओं ने कांग्रेस की पिछली बार की गलती को माफ नहीं किया है। रही सही कसर वहां आम आदमी पार्टी व तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशियों ने कांग्रेस के वोट काटकर पूरी कर दी। गोवा में तो लगता है कि कांग्रेस में आने वाले समय में कोई बड़ा नेता नहीं बचेगा। वहां आप, तृणमूल कांग्रेस व भाजपा की नजर कांग्रेस के नेताओं को तोड़कर अपने पाले में लाने पर लगी हुई है।

एक्ट्रेस द्वारा ब्रा पर दिया गया ब्यान कितना सही कितना गलत

अरविन्द प्रेमचंद जैन

अभिनेत्री श्वेता तिवारी द्वारा दिया गया ब्यान समाचार पत्रों में पढ़ा और उस पर भष्ष प्रदेश सरकार द्वारा कार्यवाही की जाना कितना उचित होगा। ?

हर जीव का जन्म भगवान् की कृपा से ,माता पिता के संपर्क से होता हैं। ऐसे लाखों लोग हैं या स्त्री पुरुष हैं जिनका जन्म भगवान् की कृपा से और माता पिता के संपर्क से होने के बाद भी संतान हीन हैं इसमें किसका दोष हैं। यानी दोनों होते हुए भी संतान नहीं पैदा कर पाते हैं। इसका मुख्य कारण स्त्री- पुरुष में शारीरिक कमी होने से या ईश्वर की मर्ज़ी न होने पर।

वैसे संसार की रचना भगवान् द्वारा की जाती हैं, जब जब कण कण में भगवान् होते हैं फिर जीवित जीव को तो भगवान संचालित करते हैं। जब हम ईश्वरीय शक्ति पर इतना विश्वास करते हैं तब हमारे शरीर के अंग प्रत्यंगों का निर्माण भी उनके द्वारा होता हैं। यह बात जरूरी हैं की इनके विकास में हमारे खानपीन का बहुत महती योगदान हैं। जैसा हमारा खाना पीना रहन सहन होता हैं वैसा विकास भी होता हैं।

वैसे हर स्त्री -पुरुष की संरचना जन्म के समय सामान्य होती हैं पर जो जो विकास होता जाता हैं वैसे वैसे परिवर्धन और परिवर्तन होता हैं। वैसे हर व्यक्ति के शरीर का माप अलग अलग होता ही हैं और उनको अपनी फिटिंग के अनुरूप माप देना और लेना पड़ता हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं रहती हैं।

मानव की आँखे सब कुछ भांप और जान लेती हैं। मनुष्य की निगाहों से कुछ नहीं बचा हैं और यह कोई नई और अजीब बात नहीं हैं। जब कोई कलाकार किसी की मूर्ति बनाता हैं और वह मूर्ति पसंद भी की जाती है जो समानुपातिक हो ,बेढंगी मूर्ति ,फोटो ,कलाकार को कोई पसंद नहीं करता।

फ़िल्मी दुनिया में हर कोण से सब आनुपातिक देखी और बनाई और बनवाई जाती हैं जो समयानुसार परिवर्तनशील होती हैं। अभिनेत्री का कथन अशोभनीय नहीं हैं। उन्होंने ठीक कहा उनका साइज़ भगवान् और चलित भगवान (डायरेक्टर प्रोड्यूसर एक्टर,फोटोग्राफर)के अनुसार बनाये जाते हैं। आज कॉस्मेटिक सर्जरी के कारण अपने मुताबिक परिवर्तन भी किया जाता हैं तब भगवान् का मापदंड बिगड़ जाता हैं ।

हर नौजवान इन सब बातों से अनजान नहीं होता हैं । इसलिए अनेकांतवाद के अनुसार यह भी सही हैं और वह भी सही हैं। भगवान् ही नहीं बनाते ,हमारा भी योगदान होता हैं।

ग्राम मितावली में आवास पाकर प्रफुल्लित हुए ग्रामवासी

मुरैना। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास पाकर ग्रामीण बेहद प्रफुल्लित हैं। जिन परिवारों को आज गृह प्रवेश दिलाया गया उनमें ग्राम मितावली के भागीरथ, रामेश्वर, केदार, उदयवीर, प्रदीप, अमृतलाल और मुकेश बेहद खुशी की मुद्रा में हैं, इनका पूरा परिवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं।

मुरैना विकासखंड के ग्राम मितावली निवासी भागीरथ पुत्र रामस्वरूप बघेल कहते हैं कि अब प्रधानमंत्री आवास पाकर हम और हमारा परिवार बेहद प्रसन्न हैं अब हमें झोंपड़ियों से निजात मिल रही है। बरसात के समय टपका का डर नहीं रहा अब हमारे बच्चे बरसात के समय आराम से सो सकेंगे और आवास में खिड़की दरवाजे लगे हुये हैं अब सांप और बिच्छुओं का डर नहीं रहा। रामेश्वर पुत्र मुरलीगिरी ने बताया कि आवास का सपना कभी सोचा था किंतु वह साकार नहीं हो पा रहा था मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने हमारे आवास का सपना पूर्ण किया। केदार पुत्र रामगिरी ने बताया कि आवास के साथ साथ 32 योजनाओं का लाभ भी प्राप्त हो रहा है। श्री गिरी ने बताया कि केवल आवास हमारे लिये सपना था परंतु आवास के साथ साथ प्रदेश सरकार राशन, बच्चों की शिक्षा, बच्चों की ड्रेस, बच्चें की किताब कॉपियां, बेटे बेटियों की शादी के लिये राशि, लाडली लक्ष्मी योजना, प्रसूति सहायता, उज्जवला योजना, शौचालय जैसी योजनाओं से लाभान्वित किया। उदयवीर पुत्र पृथ्वीराज प्रजापति ने बताया कि जीवन बीत गया झोंपड़ियों में निवास करते करते पहली बार देखा कि केन्द्र व राज्य सरकारों ने मिलकर हम जैस गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देकर हमारे सपनों को साकार किया। प्रदीप पुत्र जसवंत प्रजापति आवास पाकर बेहद खुश हैं। प्रदीप कहते हैं कि प्रधानमंत्री की सोच गरीबों के आशियाने बनाने की रही है। जिसमें हमारे मुख्यमंत्री का सहयोग रहा है। प्रदीप ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को तहे दिल से धन्यवादाद दिया। अमृत लाल पुत्र जकराम जाटव ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास पाकर अब हमारे परिवार पक्के मकान में रहेगा और अब बेटा बेटियों की शादी में रूकावट नहीं आयेगी। मुकेश पुत्र जगराम जाटव ने कहा कि आवास के साथ साथ अन्य राशन, रसोई गैस, लाडली लक्ष्मी, किसान सम्मान निधि, शिक्षा, गणवेश, साइकिल जैसी योजनाओं को भी हम जैसे गरीब लोगों को मुहैया कराई जा रही हैं। हम प्रधानमंत्री श्री मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कोटि कोटि धन्यवाद देते हैं।

गरीबों के लिए मददगार साबित हुई प्रधानमंत्री आवास योजना

मुरैना। गरीबों का सपना होता है कि उनका स्वयं का पक्का मकान हो और वह खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकें, उनके जीवन में रोजी, रोटी के साथ पक्का मकान ही उनके जीवन में सबसे ज्यादा महत्व रखता है। गरीबों का सपना पूरा करने के लिए ही आवास योजना शुरू की गई थी। ताकि वे अपने खुद के पक्के मकान में रह सकें और कच्ची झौंपड़-पट्टी, पाटोर की धूल माटी से निजात पा सकें मुरैना जिले की पोरसा जनपद पंचायत के ग्राम पिपरई में अपने परिवार के साथ निवास कर रहे नसीर पुत्र शमसाद खांन बताते हैं कि स्वप्न में भी कभी यह विचार नहीं आया था कि वे कभी स्वयं का पक्के मकान का निर्माण कराकर खुशी-खुशी रहेंगे। लेकिन ऐसा कर दिखाया है प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने। इस योजना में मुरैना जिले के अनेक हितग्राही लाभान्वित हुए हैं, उन्हीं में से एक हितग्राही की नसीर पुत्र शमसाद खान की जुबानी ही सफलता की कहानी बयां कर रही है। नसीर खान बताते हैं कि हमने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि हमारे पक्के मकान का निर्माण इतने शीघ्र हो सकेगा। उन्होंने अपने पक्के मकान के निर्माण के लिये देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया है। नसीर खान बताते हैं कि गरीबों को पक्के मकान के निर्माण में पीएम आवास योजना (ग्रामीण) काफी मददगार साबित हुई है।

राजू कुशवाह को मिला उनके सपनों का आशियाना

मुरैना। प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हुए हितग्राहियों के चेहरे प्रसन्नता से झलक रहे हैं। शासन प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा किए गए प्रयासों से एक साथ कई हितग्राहियों को स्वयं के आशियाने का होने का सपना साकार हुआ है। इसी कड़ी में मुरैना विकासखण्ड के ग्राम इटावली निवासी राजू पुत्र नत्थीलाल कुशवाह ऐसे लाभान्वित हितग्राही है, जो अपने परिवार के साथ कई वर्षों से झौंपडी, पाटोर में रह रहे थे। उन्हें बरसात एवं ठंड के मौसम में काफी परेशानियों का सामना करना पडता था। वे मेहनत मजदूरी करते है, उनकी आमदनी इतनी नहीं हो पाती कि वह अपने खुशियों का आशियाना खुद से बना पाए। फिर वह प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित होकर शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत दी जाने वाली राशि से उनका पक्का मकान बनकर तैयार हो गया। उन्होंने बताया कि उनका और उनके परिवार कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि इतनी जल्दी उनका खुद का पक्का मकान हो जाएगा। राजू कुशवाह ने हृदय से खुशी जाहिर करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ ही जिल्ला प्रशासन का भी धन्यवाद दिया है।

वैद्य आपके द्वार, घर बैठे डॉक्टर के द्वारा निःशुल्क उपचार

मुरैना। मध्यप्रदेश शासन, आयुष विभाग की और से मरीजों को देखने के लिए निःशुल्क ऑनलाइन टेलीमेडिसिन हेतु आयुष क्योर बनाया गया है। जिसमें इसको प्ले स्टोर से डाउनलोड करके अपनी सुविधानुसार डॉक्टर से अपॉइंटमेंट ले कर सकते हैं। नियत समय पर डॉक्टर आपको खुद कॉल करेंगे और आपकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी लेंगे और आपको बीमारी में जो दवाइयां आवश्यक है वह भी बताएंगे। यह आयुष विभाग की पूरी तरह निःशुल्क व्यवस्था है। आइए आज ही प्ले स्टोर पर ऐप डाउनलोड कीजिए, और घर बैठे निःशुल्क चिकित्सा का लाभ लीजिए। यह ऐप पूरी तरह सुरक्षित है। इसमें आपकी स्वास्थ्य संबंधित जानकारी एवं संबंधित समस्याओं को पूरी तरह सुरक्षित रखा जाता है और आप कभी भी इन्हें डॉक्टर के साथ इसको सांझा कर सकते हैं। इसमें एक सुविधा यह भी है कि आप अपनी बीमारी की रिपोर्ट डॉक्टर के पास भेज सकते हैं। डॉक्टर इन के आधार पर आपको चिकित्सा देंगे।

युवा अपने खेल की प्रतिभा दिखाकर करें अंचल का नाम रोशनः विधायक कमलेश

पोरसा। चंबल वनस्थली कॉलेज अटेर रोड पर मंगलवार को विधायक कप टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया, जिसमें विधायक कमलेश जाटव एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व नेट पोल की विधिवत पूजा एवं कन्या पूजन के साथ बॉलीबॉल टूर्नामेंट विधायक कप का उद्घाटन किया। विधायक कप टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच अंबाह एवं बरवाई की महिला टीम के साथ खेला गया, जिसमें बरवाई टीम विजई रही। कार्यक्रम में विधायक कमलेश जाटव ने बताया कि हमारे चंबल अंचल में बहुत ही प्रतिभावान बच्चे व बच्चियां हैं जिनको खेल में अधिक रुचि है। इसी पोरसा व अंबाह की धरती से युवा खिलाड़ियों ने खेल में अपना नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि अंबाह विधानसभा में कोई भी युवा प्रतिभाशाली खिलाडी खेल प्रतियागिता में अव्वल आता है तो उसे संभागीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक की खेल प्रतियोगिता में भाग दिलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से तथा मेरी ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। वॉलीबॉल टूर्नामेंट के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कमलेश जाटव, मोहर सिंह तोमर, महाराज सिंह तोमर, बच्चूलाल गुप्ता, कविंद्र सिंह तोमर, मुन्ना सिंह तोमर, खेम सिंह भदौरिया, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर, अंबाह नगर मंडल अध्यक्ष अखिलेश शर्मा, गिर्राज तिवारी, राकेश उपाध्याय, लक्ष्मीनारायण शर्मा, संतोष सिंह तोमर, आशीष तोमर, योगेश शर्मा, निखिल तोमर, सौरभ तोमर, पहलवान सिंह तोमर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार डंपर ने तीन ई-रिक्शों में मारी टक्कर 10 लोग घायल, 12 वर्षीय बालिका सहित चार रैफर

अम्बाह। मुरैना की तरफ से अम्बाह आ रहे एक तेज रफ्तार बेकाबू डंपर ने सवारियों से भरे तीन ई-रिक्शों में बडफरा गांव पर जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में लगभग 10 लोग घायल हुए हैं जिनमें 4 लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। सभी घायलों को अम्बाह अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहाँ से अनुष्का प्रजापति उम्र 12 साल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत ही मुरैना रैफर कर दिया गया, इसके अलावा तीन अन्य लोगों को भी रैफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक अंबाह से मुरैना की तरफ सवारियां लेकर जा रहे एक ई रिक्शा में डंपर चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही ई-रिक्शा पलट गया और उसमें बैठी सवारी घायल होकर चीख-पुकार मचाने लगी। उक्त घटना के बाद भी यह तेज रफ्तार डंपर रुका नहीं और उसने दो और ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि टक्कर लगने के बाद ई-रिक्शा पलट गये। हादसे में ई-रिक्शों में सवार दस लोग घायल हो गए। जिसमें भगवंत सिंह, सुंदर सिंह, वृंदावन, सोनकली, अनुष्का, रेखा राठौर, राजेंद्र शर्मा, अंशिका सहित दो अन्य लोग शामिल हैं। इस दौरान घटनास्थल पर तमाम लोगों की भीड एकत्रित हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।



जिले के प्रभारी मंत्री श्री कुशवाह ने वर्चुअल 829 गरीबों को गृह प्रवेश दिलाया

-जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व मंत्री और भाजपा जिलाध्यक्ष ने मंत्रोच्चारण के उपरांत कलश देकर प्रधानमंत्री आवासों का फीता काटकर कराया गृह प्रवेश

मुरैना। प्रदेश के उद्यानिकी खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और मुरैना श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की सरकार गांव, गरीब, किसानों और समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के कल्याण के लिये कृतसंकल्पित है। उन्हें हर हाल में खुश देखना चाहती है। राज्यमंत्री श्री कुशवाह मंगलवार को मुरैना विकासखंड के ग्राम मितावली में आयोजित गृह प्रवेश कार्यक्रम को वर्चुअल जुडकर संबोधित कर रहे थे। प्रभारी मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि आज हम अपने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हस्ते जिले के 829 हितग्राहियों को वर्चुअल गृह प्रवेश करा रहें है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि मुरैना जिले में पिछले वर्ष 14 हजार 875 आवास पूर्ण हुये थे और इस वर्ष 829 आवासों को पूर्ण कराकर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हस्ते से पूरे प्रदेश के 5 लाख 21 हजार लोगों को उनके आवासों के सपनों को पूरा किया जा रहा है। श्री कुशवाह ने कहा कि जिन्होंने गरीब लोगों की परेशानी देखी, नजदीकी से उनके दर्द को समझा है, ऐसे व्यक्ति ही हमारे देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। जिन्होंने गरीबों की परेशानियों, उनके दुखः दर्दों को देखकर उनके उत्थान के लिये कल्याणकारी योजनायें बनाकर उनका क्रियान्वयन किया है। हमारे प्रधानमंत्री ने 2024 तक सभी को आवास देने का संकल्प लिया है।

व्यापम परीक्षा को लेकर एकेडमी संचालक ने दिया एसपी को ज्ञापन

मुरैना। पुलिस भर्ती व्यापम परीक्षा 2020 के परीक्षा परिणाम में की गई त्रुटि को लेकर राजनेताओं एवं पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन देने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में कुछ कोचिंग संचालकों ने छात्र-छात्राओं के साथ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मामले की पारदर्शिता से जांच कराने की मांग की है। गौतम एकेडमी के संचालक मनोज शर्मा ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में बताया कि मध्य प्रदेश प्रोफेशनल बोर्ड भोपाल द्वारा अभी हाल ही में जारी प्रथम चरण का परिणाम पुलिस भर्ती परीक्षा 2020 में भारी अनियमितता देखने को मिल रही है। सामान्य वर्ग की महिला जिनकी मार्क्स 75, 76, 77, आदि जैसे प्राप्त होने के बावजूद लिखित परीक्षा में फैल कर दिया गया है। पिछली बार कट ऑफ 43 से 47 मार्क्स तक होती थी, अचानक इतन नंबर लाने पर भी इन्हें फेल कर दिया गया है, वहीं एक्स आर्मी वालों का भी चयन सही तरीके से नहीं हुआ है। अतः इस मामले की पारदर्शिता से पूर्ण जांच हो तथा अन्य परीक्षा एसएससी रेलवे की तरह प्रथम चरण के रिजल्ट में मूल मार्क्स एवं बदले मार्क बताए जाएं। लगातार कई परीक्षा सेंटर द्वारा रुपए लेकर परीक्षा पास करने में संलिप्त रहे हैं एवं उनके दलाल निर्भीक तौर पर छात्रों से पैसे लेकर पास कराने की बात कहते पाए गए हैं, इसकी शिकायत भी संबंधित जनों से की गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। छात्र एवं राष्ट्रहित में कोचिंग संचालकों ने अविलंब कार्यवाही की मांग की है। इस अवसर पर नीरज, जयंत, बिट्टू कुशवाह, प्रियंका शर्मा, शालू दंडोतिया, गौरी शर्मा, प्रिया गुर्जर सहित अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

सशक्त होते गरीब, नारी सशक्तिकरण एवं ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था की मजबूती की पहचान बनेंगे प्रधानमंत्री आवास: प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी

- प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश के 5 लाख 21 हजार हितग्राहियों को कराया वर्चुअल गृह प्रवेश
- प्रधानमंत्री श्री मोदी गरीबों की जिंदगी में लेकर आए हैं नया सवेरा - मुख्यमंत्री श्री चौहान
- कार्यक्रम से भिण्ड जिला अंतर्गत सभी ब्लॉकों में कुल 276 हितग्राहियों के आवासों का भी गृह प्रवेश किया गया।

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । 29 मार्च, 2022/प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश के सवा 5 लाख गरीबों को उनके सपनों का पक्का घर मिला है। कुछ ही दिनों में नव विक्रम संवत्सर 2079 प्रारंभ होने जा रहा है। नव वर्ष पर नवगृह प्रवेश मंगलकारी है। ये प्रधानमंत्री आवास सशक्त होते गरीब, नारी सशक्तिकरण एवं ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था की मजबूती की पहचान बनेंगे। इनसे गाँवों में रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से देश में 2 करोड़ घरों पर महिलाओं को मालिकाना हक मिला है। पक्के आवास के साथ ही उन्हें शौचालय, बिजली, एलईडी बल्ब, गैस एवं नल कनेक्शन भी मिले हैं। यह आर्थिक फैसलों में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करेगा। दुनिया की यूनिवर्सिटीज में यह केस स्टडी का विषय है। प्रधानमंत्री श्री मोदी आज मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्मित 5 लाख 21 हजार आवासों में हितग्राहियों के गृह-प्रवेशम कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान छतरपुर जिले से कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में छतरपुर जिले से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत भिण्ड जिले 276 परिवारों का वर्चूअल ''गृह प्रवेशम'' करवाया,कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में किया गया जहाँ हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को सुना एवं देखा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश में गरीबी दूर करने के नारे तो बहुत लगाये गये परंतु जो कार्य होना था, वह नहीं हुआ। अब सरकार के ईमानदार प्रयासों एवं गरीबों के सहयोग से गरीबी परास्त हो रही है। सबका साथ-सबका विकास हो रहा है। केन्द्र और राज्य मिलकर गरीबी दूर करने में जुटे हैं। प्रधानमंत्री आवास के माध्यम से महिलाएँ लखपति हो रही हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि ये आवास गरीबी दूर करने की पहली सीढ़ी है। ये गाँवों एवं गरीब को विश्वास देने की सरकार की प्रतिबद्धता के प्रतीक है। जब गरीब पक्की छत के नीचे सोयेगा, तब वह निश्चिंत होकर अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं अन्य कार्यों पर ध्यान दे पाएगा। हमारी सरकार देश में ढ़ाई करोड़ गरीब परिवारों को पक्का आवास दे चुकी है, जिनमें 2 आवास करोड़ ग्रामीण क्षेत्र में घर हैं। मध्यप्रदेश में 30 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें 24 लाख से अधिक पूर्ण हो गये हैं। प्रदेश में बैगा, सहरिया एवं भारिया जैसी पिछड़ी जनजातियों को भी पक्के घर मिल गये हैं, जिन्होंने पक्के आवास के बारे में कभी सोचा भी नहीं था। इसके लिये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उनकी सरकार बधाई के पात्र हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश में महिलाओं की परेशानी दूर करते हुए 6 करोड़ से अधिक परिवारों को नल से जल पहुँचाया जा रहा है। मध्यप्रदेश में आज 50 लाख परिवारों तक पाइप से पानी पहुँचाने के पड़ाव के बहुत निकट है। हम हर ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से पेयजल पहुँचाने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जिन गरीबों को अभी पक्का घर नहीं मिला है, वे आशवस्त रहें, सभी को शीघ्र की पक्का घर मिलेगा। देश में इस वर्ष 80 लाख पक्के घर बनाये जाने के लिये राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें मध्यप्रदेश के भी लाखों परिवारों को लाभ होना तय है। अब तक इस योजना में सवा 2 लाख करोड़ रूपये से ज्यादा खर्च किये जा चुके हैं। सरकार गरीबों के सुख-दुख की साथी है, उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। कोरोना काल में भी विकास कार्य जारी रहे। सरकार गरीबों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। उन्हें मुफ्त वैक्सीन, मुफ्त राशन दिलवाया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को आगामी 6 माह के लिये बढ़ा दिया गया है। आज पूरी दुनिया लड़ाई के मैदान में उतरी हुई है, उसके कारण भी अनेक प्रकार की आर्थिक व्यवस्थाओं पर नया संकट पैदा होता जा रहा है। युद्ध ने आज अर्थ-व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव डाला है परंतु भारत के नागरिकों पर इसका असर न पड़े, ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों को समर्पित है, दिन-रात उनके लिये काम करती है। हमारा उद्देश्य है कि सरकार की हर योजना शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक और उनके घर तक पहुँचे। हमारी नियत एवं नीति आखरी पंक्ति के व्यक्ति तक को लाभ देने की है। राशन योजना में 4 करोड़ ऐसे व्यक्तियों के नाम हटाये गये, जो फर्जी तरीके से जुड़ गये थे। गरीबों का हक छीन रहे थे। राशन की चोरी रोकने के लिये राशन दुकानों पर आधुनिक मशीन लगायी गयी हैं। फर्जी खेल बंद कर दिया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि हम ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था को केवल खेती तक ही सीमित नहीं रखेंगे। गाँवों के समग्र विकास की हमारी नीति है। गाँव एवं जमीन पर आर्थिक गतिविधियाँ सीमित नहीं रहेंगी। खेती में ड्रोन तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा। हमारी सरकार स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्राम वासियों को उनकी संपत्तियों का स्वामित्व दे रही है। मध्यप्रदेश में 50 हजार से अधिक गाँवों का सर्वे किया गया है तथा 3 लाख व्यक्तियों को स्वामित्व अधिकार सौंपे जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अनाज की सरकारी खरीद में मध्यप्रदेश में अद्भुत कार्य हुआ है। इस कार्य में अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 90 लाख छोटे किसानों को 13 हजार करोड़ से अधिक की राशि छोटे-छोटे खर्चों के लिये दी गई है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि हमारा यह कर्तृत्व्य है कि हम आने वाली पीढ़ी को कुछ देकर जाएँ तथा उनके लिये प्रेरणा बनें। इसके लिये हम सब यह संकल्प लें कि अगले प्रतिपदा तक देश के हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाये जायें। ये तालाब नये हों तथा बड़े हों। इनके निर्माण में मनरेगा योजना का लाभ लिया जा सकता है। यह पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सभी को नव संवत्सर की शुभकामनाएँ दीं।

गरीबों के मसीहा हैं प्रधानमंत्री श्री मोदी: मुख्यमंत्री श्री चौहान

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गरीबों के मसीहा हैं। गरीबों के जीवन में नया सवेरा लेकर आये प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज प्रदेश के सवा पाँच लाख हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाया है। सभी गरीबों का अपना पक्का आवास हो, इसके लिये मध्यप्रदेश में अगले वर्ष के बजट में 10 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2024-25 तक कोई भी गरीब झोपड़ी में नहीं रहेगा, सबका पक्का मकान होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार हर गरीब को पक्का मकान दिलाएगी। आगामी 3 वर्षों तक प्रदेश में 10-10 लाख पक्के मकान बनाये जायेंगे। मकान के साथ ही शौचालय, रसोई गैस, बिजली कनेक्शन और पेयजल भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 44 हजार करोड़ रूपये की केन-बेतवा लिंक परियोजना से मध्यप्रदेश को बहुत बड़ी सौगात दी है। यह योजना बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर एवं तकदीर बदल देगी। इससे 20 लाख एकड़ क्षेत्र में सिंचाई होगी तथा 41 लाख लोगों को पेयजल मिलेगा। उन्होंने इस परियोजना की स्वीकृति के लिये प्रधानमंत्री श्री मोदी को धन्यवाद दिया तथा प्रदेशवासियों की ओर से उन्हें परियोजना के शिलान्यास के लिये मध्यप्रदेश पधारने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रकृति संसाधन सभी के लिये हैं। प्रदेश में हर गरीब को उसका हक दिलावाया जाएगा। हमारी सरकार सबसे पहले गरीबों की सरकार है। प्रदेश में हर गरीब को रोटी, मकान, दवाई, पढ़ाई एवं रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि सिंतबर माह तक बढ़ा दी है। अब गरीब परिवारों को प्रति व्यक्ति सितंबर माह तक 5 किलो राशन निरूशुल्क मिलेगा। साथ ही मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना में एक रूपये किलो की दर पर 5 किलो प्रति व्यक्ति राशन दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार गरीबों के लिये निरूशूल्क शिक्षा की व्यवस्था कर रही है। उच्च शिक्षा में प्रोफेशनल कोर्सेस के लिये भी सरकार फीस दे रही है। गरीबों को आयुष्मान योजना से एक वर्ष में 5 लाख रूपये तक निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा दी जा रही है। हर व्यक्ति को रोजगार भी सुनिश्चित किया जा रहा है। हर माह प्रत्येक जिले में रोजगार दिवस मनाया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में व्यक्तियों को रोजगार, स्व-रोजगार के अवसर प्रदान किये जाते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उपस्थित जन-समुदाय से अपील की कि वे प्रति वर्ष एक दिन अपने गाँव और शहर का गौरव दिवस मनायें। इस दिन सरकार एवं जनता मिलकर अपने क्षेत्र को आगे बढ़ाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि महाराजा छत्रसाल की जयंती 2 जून को छतरपुर जिले का गौरव दिवस मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के आह्वान पर मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में आगामी गुड़ी-पड़वा तक 75 अमृत सरोवर बनाये जाएंगे। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि इस महत्वपूर्ण कार्य में सहभागी बने। साथ ही 12 से 14 वर्ष के बच्चों का कोरोना वैक्सीनेशन करवाना भी सुनिश्चित करें।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रारंभ में पीएम आवास योजना में 5 लाख 21 हजार हितग्राहियों को वर्चुअली गृह प्रवेश कराया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 56 करोड़ 60 लाख रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। इनमें 33 करोड़ 26 लाख के लोकार्पण तथा 23 करोड़ 34 लाख के भूमि-पूजन शामिल हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कन्या-पूजन के साथ किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रदेश में प्रगति पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। केन्द्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज्य मंत्री गिरीराज सिंह, केन्द्रीय स्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री वीरेन्द्र खटीक, केन्द्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल और केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण (स्वतंत्र प्रभार, विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति कल्याण विभाग (स्वतंत्र प्रभार , पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री श्री रामखेलावन पटेल सहित जन-प्रतिनिधि एवं अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश के मंत्रि-परिषद के अन्य सदस्य अपने-अपने प्रभार के जिलों से वर्चुअली जुड़े।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री षिवराज सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में छतरपुर जिले से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 5.21 लाख परिवारों का ''गृह प्रवेशम'' कार्यक्रम जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम से भिण्ड जिला अंतर्गत सभी ब्लॉकों में कुल 276 हितग्राहियों के आवासों का गृह प्रवेश किया गया। इस दौरान सभागार में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, सीईओ जिला पंचायत जेके जैन सहित अन्य अधिकारी, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

एसपी ने कन्ट्रोल रूम में प्रेसवार्ता कर किया खुलासा: गोरमी पुलिस ने पकड़ा अवैध शराब फैक्ट्री का जखीरा

उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान को बार बार जिले में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की शिकायत प्राप्त हो रही थी। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गंभीरता से लेते हुए जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को बार बार निर्देशित किया कि जिले में अवैध शराब निर्माण व बिक्री करने पर प्रभावी कार्यवाही की जाये। किसी भी हालत में अवैध शराब निर्माण, परिवहन एवं बिक्री न हो। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार क्षेत्र में मुखबिर तंत्र मजबूत किया गया। गोरमी पुलिस को दिनांक 28.03.22 को शाम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति भगवान दास गोस्वामी के घर वार्ड नं. 11 गोरमी में अवैध शराब की फैक्ट्री लगाकर अवैध शराब का निर्माण एवं भंडारण किए हुए हैं उक्त सूचना से पुलिस अधीक्षक महोदय को अवगत कराया गया उनके द्वारा तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कमलेश कुमार खरपुसे एवं एसडीओपी महोदय मेहगांव आर के एस राठौर के नेतृत्व में मुखबिर द्वारा बताये गए स्थान पर दबिश दी गयी तो एक व्यक्ति बैठा दिखा जिसे पुलिस द्वारा पकड़ा गया जो पुराना बाजार वार्ड न0 10 गोरमी का पाया गया जिसके कब्जे से 02 केन में 100 लीटर ओपी शराब, वारदाना जिसमें 5000 खाली क्वार्टर 3000 ढक्कन, 500 कार्टून, 1000 रेपर एक क्वार्टर पैक करने की मशीन एवं एक पेटी देशी प्लेन शराब कुल कीमती 03 लाख रूपए बरामद किया गया। जिस पर से थाना गोरमी पर अप 77/22 धारा 34(2).49क आवकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी का पुलिस रिमांड लेकर गहन पूछताछ की जावेगी तथा आए समय के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। उक्त आरोपी के कब्जे से पूर्व में भी ओपी शराब बारदाना एवं संचालित फैक्ट्री पकड़ी गयी है आरोपी के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

रसायन मुक्त हो उपज: सांसद डॉ केपी यादव

मोनू नामदेव पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी। आज संसद में लोकसभा के प्रश्न काल के दौरान गुना संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर के पी यादव ने प्रश्न पूछा कि ऑर्गेनिक फार्मिंग को प्रोत्साहन देने के लिए क्या सरकार इन किसानों के लिए एक विशेष बीमा योजना या प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मल्टीपल क्रॉपिंग के लिए प्रावधान करेगी? सांसद

- मल्टीपल क्रॉपिंग के लिए बीमा के लिए प्रावधान को लेकर संसद में पूछा प्रश्न।
- कीटनाशक के अधिक प्रयोग से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों पर सांसद ने की चिंता व्यक्त।
- किसानों के प्रति सक्रियता को लेकर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने संसद में गुना सांसद की तारीफ की।

डॉक्टर के पी यादव ने संसद में बोलते हुए कहा कि मेरा गृह राज्य मध्यप्रदेश ऑर्गेनिक फार्मिंग में अग्रणी राज्य है,हमारे प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मेरे प्रदेश में 1 लाख से अधिक ऑर्गेनिक फार्मिंग करने वाले किसानों के परिश्रम के कारण मध्य प्रदेश से 5 लाख टन ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स का निर्यात हुआ है, जो कि पूरे देश में जितने टोटल एरिया में फार्मिंग होती है उसका 40त्न एरिया मेरे मध्य प्रदेश से आता है,इसी कारण हमारे मध्य प्रदेश को पिछले पांच बार कृषि कर्मण अवार्ड से नवाजा जा रहा है उसके लिए सरकार की नीतियो और योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बहुत-बहुत धन्यवाद। सांसद डॉक्टर के पी यादव ने कहा कि मैं जिस क्षेत्र से आता हूं वह एक कृषि प्रधान क्षेत्र है मैं स्वयं एक किसान हूं और किसान होने के साथ-साथ एक डॉक्टर होने के नाते रसायन मुक्त उपज की मांग पूरे विश्व में है मेरा यह मानना है कि पेस्टिसाइड्स और केमिकल के अधिक प्रयोग से बच्चों,महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. ऑर्गेनिक फार्मिंग की बढ़ोतरी के लिए मल्टीपल क्रॉपिंग को बढ़ावा देना अत्यावश्यक है मेरे क्षेत्र में कई किसान आय बढ़ाने के लिए मल्टीपल क्रॉपिंग के माध्यम से अलग-अलग फल सब्जियां व फसल उगाना चाहते हैं,लेकिन वर्तमान में मल्टीपल क्रॉपिंग के लिए कोई भी बीमा योजना नहीं होने के कारण ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए निर्धारित प्रोत्साहन नहीं मिल पा रहा है. इस अवसर पर संसद में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी द्वारा सांसद डॉक्टर के पी यादव की तारीफ करते हुए कहा कि सांसद जी अपने क्षेत्र के किसानों की चिंता करते हैं और सक्रिय बने रहते हैं।

गरीब एवं कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है सरकार: मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया

- जिले के 2821 हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश
- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण गृह प्रवेशम कार्यक्रम सम्पन्न

अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी- मध्यप्रदेश के 5 लाख 21 हजार हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में मंगलवार को गृह प्रवेश कराया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअली कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान छतरपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम से शामिल हुए। शिवपुरी जिले में गृह प्रवेश का जिला स्तरीय कार्यक्रम जनपद पिछोर के ग्राम उमरीकला में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

इस दौरान मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने घर में गृह प्रवेश करने वाले सभी हितग्राहियों को बधाई दी। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा

कि प्रदेश सरकार गरीब एवं कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है। सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ गरीबों को मिल रहा है जिससे कि वह भी आगे बढ़ सकें।

मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि गरीब एवं कमजोर वर्ग के व्यक्तियों का खुद के आवास का सपना पूर्ण करने में प्रधानमंत्री आवास योजना का महत्वपूर्ण योगदान है। आवास पाने वाले सभी हितग्राहियों को शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री चौहान के द्वारा आवासहीनों को आवास उपलब्ध कराने का जो कार्य किया जा रहा है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। शिवपुरी जिले के विगत एक वर्ष में पूर्ण हुए कुल 2821 हितग्राहियों को नवीन आवासों में गृह प्रवेश कराया गया है। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र भी वितरण किए गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है कि उसके निवास के लिए उसका खुद का एक पक्का आवास हो। इस सपने को मन में संजोए व्यक्तियों के आवास निर्माण किए जाने का कार्य प्रधानमंत्री आवास योजना कर रही है। गृह प्रवेश करने वाले हितग्राहियों को पात्रता अनुसार आयुष्मान कार्ड, सोकपिट, फलदार पौधे एवं सहजना के बीज का वितरण भी किया गया। जिले में जनपदवार पूर्ण आवासों में बदरवास में 637, खनियांधाना में 1135, कोलारस में 194, नरवर में 382, पिछोर में 308, पोहरी में 105 एवं शिवपुरी में 60 आवास में गृह प्रवेश कराया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास बनाने हेतु 4 किश्तों में 1लाख 20000 की राशि हितग्राही के खाते में प्रदाय की जाती है। प्रथम किश्त आवास स्वीकृति पर 25000, द्वितीय किश्त प्लिंथ स्तर पर आने पर 40000, तृतीय किश्त छत स्तर आने पर 40000 तथा चतुर्थ किश्त 15000 आवास पूर्णता पर प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त मनरेगा से 90 दिवस की मजदूरी भी हितग्राही को प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में लाडली लक्ष्मी योजना मातृ वंदना योजना आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, पशुपालन विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

जनसुनवाई में आए शिक्षक को नही सुनाने दी शिकायत, धक्के देकर भगाया

जनसुवाई पर नही रहा अब भरोसा - शिक्षक

मोनू नामदेव पुष्पाजली टुडे

शिवपुरी। खबर शिवपुरी से है जहां आज जन सुनवाई के दौरान ऐसा मामला सामने आया जिसमे एक शिक्षक जनसुनवाई में शिकायत लेकर आया था पर उसकी सुनवाई नहीं की और जब इस बात का शिक्षक ने विरोध किया तो उसको धक्के देकर भगा दिया। पूरा मामला यह है कि संकुल प्राचार्य कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करैरा में अरविन्द कुमार त्रिपाठी व्यक्तिगत ईष्या और द्वेष के कारण शिक्षक का सातवा वेतनमान वेतन में नहीं लगा रहे एवं ना ही वेतन वृद्धि 2009 में असंचयी प्रभाव से रोकी गई थी उसे भी नहीं खोली गई है । यह कि शिक्षक का सितम्बर माह 2019 के बेतन का पूरा डी.ए. नहीं दिया गया है ना ही वें वेतन की कोई किस्त अभी तक नहीं मिली है । जिसकी सूचना एवम् शिकायती आवेदन लेकर जब शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचा तो उसकी एक न सुनी बल्कि उसको धक्के मारकर भगा दिया गया। जिससे उसको जनसुनवाई से विश्वास उठ गया और कहा कि सभी लोग भ्रष्टाचार से भरे हुए है।

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव के प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन में शामिल हुए पूर्व सांसद चंदूलाल साहू

अश्वनी अवस्थी ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

छत्तीसगढ़ । महासमुंद जिला के बिरकोनी चंडी माता के मंदिर में छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू पधारे। सर्वप्रथम समाज के अध्यक्ष तथा समाज के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य आसन्दी से साहू ने कहा यादव समाज अपने मेहनत और लगन के बूते शनै शैन विकास कर रही है समाज के विकास के लिए शिक्षा और संस्कार पर विशेष ध्यान दे साथ ही साथ समय परिस्थितियों के अनुसार सामाजिक नियमों एवं रीति रिवाज में भी परिवर्तन होना चाहिए। जिससे समाज उत्तरोत्तर प्रगति करेगा। इस दौरान झेरिया यादव समाज के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव,विशिष्ट अतिथियों में पूनम चंद्राकर पूर्व राज्य मंत्री,पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर,नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, संयोजक जगनीक यादव,सह संयोजक राजू यादव, पूर्व जनपद सदस्य योगेश्वर चंद्राकर, भाजयुमो नेता नरेन्द्र यादव सहित समाज पदाधिकारी सदस्य भारी संख्या में उपस्थित रहे।

भाजपा की नवनियुक्त जिला मंत्री श्रीमती रश्मि खटीक का समाज ने किया सम्मान

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला मंत्री श्रीमती रश्मि खटीक ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ही ऐसा राजनीतिक दल है जिसमें सेवा भाव की विचारधारा और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के अंत्योदय के साथ अंतिम छोर के खड़े व्यक्ति को आगे की पंक्ति में खड़ाकर उन्हें आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है । यह उद्गार उन्होंने वार्ड नंबर 11 भिंड शहर के बीटीआई रोड स्थित महावीर नगर में अपने स्वागत सम्मान समारोह में बोलते हुए व्यक्त किए द्य

भाजपा जिला मंत्री श्रीमती रश्मि खटीक ने कहा कि कांग्रेस, बसपा, सपा जैसे राजनीतिक दलों ने परिवारवाद और जातिवाद की राजनीति कर समाज को विकास की मुख्यधारा से दूर रख कर उनके बोट पर राजनीति की भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज को साथ लेकर काम करने वाली पार्टी है जो महिलाओं की हितैषी बनकर उनके मान और सम्मान की रक्षा के लिए तमाम सारी योजनाएं बनाकर घर तक पहुंचाने का काम कर रही है । उन्होंने कहा अभी हाल ही पंचमणि में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में चिंतन बैठक आयोजित की गई जिसमें लाडली लक्ष्मी योजना और और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत ?51000 मिलते थे अब शिवराज सरकार ?55000 देगी, आयुष्मानभारत कार्ड के माध्यम से ?500000 तक का फ्री इलाज कराने की व्यवस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किए गरीबों के लिए खाद्यान्न की सीमा भी बढ़ा दी गई है ऐसी तमाम योजनाएं हैं जो महिलाओं के विकास के लिए कार्य कर रही आपने योजना का लाभ लीजिए और स्वयं आत्मनिर्भर बनकर कार्य करें तो हमें निश्चित सफलता प्राप्ति होगी द्य

भाजपा जिला मंत्री श्रीमती रश्मि खटीक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कि मध्य प्रदेश में मिशन 2023 में सरकार बनाने के लिए हम समस्त समाज की बहन संगठित होकर अपने-अपने बूथ केंद्र पर पहुंचकर कार्य करें और भाजपा की शक्ति को आगे बढ़ाएं और उनकी योजना का लाभ लेकर अपने परिवार को आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ें कांग्रेसमें अनुसूचित जाति समाज के साथ हमेशा से धोखा किया है द्य भाजपा में भाजपा में सत्ता और संगठन ने हमारे समाज को विभिन्न श्रेत्रों में नेतृत्व प्रदान किया है और आज हम द्वारा लेते हैं द्य

भाजपा जिला मंत्री श्रीमती रश्मि खटीक का महावीर नगर में खटीक समाज की बहनों ने संगठित होकर उन्हें पुष्प माला शाल और श्रीफल के साथ स्वागत किया और उन्हें नेतृत्व के लिए बधाई दी द्य वहीं उन्होंने समाज के प्रत्येक घर में पहुंचकर महिलाओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी ग्रहण किया इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदास भगवान लाल बारेलाल रमेश बालकृष्ण मुन्ना रमेश शेजवार सुदामा रमेश रत्नाकर एवरन रघुवीर राकेश राजकुमार दीपू छुट्टन सुनील छोटू एमके प्रदीप मोनू राजू शाक्य मनोज मुकेश संदीप अमित माता प्रसाद शाक्य भीम आकाश विक्रम युवा नेता एवं समस्त खटीक समाज द्वारा शेखर खटीक जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी, अखिल भारतीय खटीक समाज युवा अध्यक्ष समाज के इन सभी लोगों द्वारा सम्मान किया गया ।

सीरवी समाज वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पुष्पांजली टुडे

मुम्बई– सीरवी समाज विकास मंडल डौमबेवली व आईजी स्पोर्ट्स क्लब डोमबेवली द्वारा सीरवी समाज वॉलीबॉल प्रतियोगीता 2022 आईजी कप आईजी मैदान डोमबेवली में 28/3/2022 में सम्पन्न हुआ । आयोजन के सरमनि में मुखय अतिथी के रूप में स्थानिय माजी संरपंच मुकेश जी बसंत पाटील साहब व नगर सेविका प्रमिला मुकेश जी पार्टी व समाज के मुखय प्रदाधिकारों के हाथों मां आईजी की आरती के साथ आगाज हुआ सबसे पहले आरती हुई फिर राष्ट्र गान के साथ दोनों मैदानों की पुजा के साथ शूरूवात हूई ओर ईस आयोजन में मुंबई नवी मुंबई की 11 टिमो ने भाग लिया दिन भर मैच शुरू रहे जिसमें बाजी मारी विजेता गोमाता दर्शन स्पोर्ट्स क्लब लष्ठ्र खारघर रही केपटन जितेंद्र सैपटा ।ठप -विजेता नालासोपारा केपटन महेंद्र काग एंव तिसरे नमर विजेता टीम आईजी थाणे केपटन कैलाश भाई रही और चोथे विजेता टीम डोमबेलवली रही केपटन उमेद भाई सभी को आईजी कप व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डोंबिवली वडेर के अध्यक्ष उम्मेद सिरवी, ताराचंद ,भोलाराम सहित पूरी कार्यकारणी कमेटी के सभी सदस्यों,आयोजनकर्ताओं,सभी खिलाड़ियों और सभी भामाशाहों का दिल से धन्यवाद दिया।इस टुनामेंट में बेस्ट नेटर जगु नालासोपारा बेस्ट शूटर महेंद्र भाई एन.एस.पी.बेस्ट डिफेंडर हिम्मत एन.एस.पी.मैन ऑफ द मैच राजेश ठाकुर जेडीएस मन ऑफ द सीरीज प्रकाश के गेहलोत पकिया भाई जेडीएस इमेजिंग प्लेयर कृष्णा गेहलोत टूर्भे कमेंट्रेटर सदाबहार मोहन भाई झाला और राजेश भाई ठाकुर गेहलोत अंपायर दिनेश कुमार गेहलो सिवास व जसराज सेपटा, और टूनामेंट में भाग लेने वाले सभी टीमों को हार्दिक बधाई दी ।सीरवी समाज खेल परिवार महाराष्ट्र की तरफ से व आयोजन में भाग लेने वाली सभी टिमो को सभी युवा साथियों को बाहर से पधारे पुणे से हकराम राठौड़ ,शंकर भाई काग,लाला भाई गेहलोत,लाला भाई व उमेश उनका भी स्वागत किया गया।

जय श्री राम के नारों के साथ निकले बजरंगी

राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे

पिछोर, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पिछोर में राजा छत्रसाल स्टेडियम एक सभा के साथ प्रारंभ हुआ सभा में मुख्य अतिथि के उद्बोधन के बाद सोर्य संचालन शुरू हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुन स्टेडियम पहुंचा इस दौरान नगर में विशाल सौय संचलन का अनेक जगह आमजन मानस एवं कार्यकर्ताओं ने फूलों की वर्षा कर स्वागत

किया गया संचालक में सबसे आगे ध्वजवाहक चल रहे थे इसके पीछे लंबी कतारों में गांव गांव से आए होंगे बजरंगी अपनी वेशभूषा धारण किए चल रहे थे इसके पीछे विहप के प्रांत से मंत्री सुनील शर्मा प्रांत सह संयोजक मनोज रजक विभाग मंत्री संजय शर्मा बजरंग दल विभाग संयोजक नरेश ओझा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा जिला उपाध्यक्ष पवन शर्मा जिला मंत्री प्रदीप पाठक जिला सह मंत्री सुनील पुरोहित सामाजिक समरसता प्रमुख राकेश भट्ट एवं रविंद्र पाठक सोन सहदेव पंकज ऋषभ श्रीराम के साथ अनेक बजरंगी मौजूद रहे पिछोर छत्रसाल स्टेडियम में समस्त विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें पिछोर की प्रमुख मार्गो से शौर्य संचलन यात्रा निकाली गई जिसमें जय श्री राम के नारे लगाए गए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नए युवाओं द्वारा कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

यातायात पुलिस को मिला इंटरसेप्टर वाहन पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अजय खगर ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

टीकमगढ़। मंगलवार को एसपी ऑफिस से टीकमगढ़ एसपी प्रशांत खरे द्वारा यातायात पुलिस को मिले इंटरसेप्टर वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है बताया गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा यह वाहन प्रत्येक जिले को दिए जा रहे हैं इन वाहनों में स्पीड रिण्वटर मशीन लगी हुई है जो तेज गति से आ रहे वाहनों की गति को माप कर तत्काल एक फोटो उपलब्ध कराएगी जिससे पता लगाया जा सकता है की वाहन कितनी गति से चल रहा था ऐसे में तेज गति से वाहन चलाने वालों पर अंकुश लगाया जा सकता है वाहन के आने पर पुलिस द्वारा इसको पुलिस अधीक्षक द्वारा सोंपते हुए हरी झंडी दिखाई है इस दौरान एडिशनल एस पी एम एल चौरसिया, यातायात पुलिस प्रभारी पूर्णिमा मिश्रा, अफरोज खान, वाहन चालक परवेज खटीक एवं यातायात स्टाफ मौजूद रहा।

वामपंथी संगठनों ने निकाली रैली सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग

गोहद। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गोहद प्रेम नारायण माहोर से प्राप्त जानकारी अनुसार संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा एवं मध्य प्रदेश किसान सभा सीटू ,युवा जनवादी महिला समिति ने 29 मार्च सोमवार को गोहद में रैली निकाली गोहद एसडीएम से लेकर महाप्रबंधक मध्य क्षेत्र वितरण कंपनी गोहद को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

जिसमें कोरोना बीमारी अस्तित्व में आई तब से लेकर अप्रैल 22 तक समस्त बिजली बिल माफ करने, बकायेदारों के गर्मी के सीजन में विद्युत कनेक्शन काटने पर रोक लगाने कोर्ट में चल रहे विद्युत प्रकरण वापस लेने विद्युत मूल्यवृद्धि रोकने सहित केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे निजी करण की नीति के विरोध स्वरूप गोहद एसडीएम को मजदूर संगठनों ने एक ज्ञापन सौंपा उसके बाद बामपंथी जन संगठन मोर्चा के कार्यकर्ता गोहद विद्युत वितरण कंपनी महाप्रबंधक को भी

ज्ञापन देने पहुंचे उपस्थित कार्यकर्ताओं को पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर मापका जिला सचिव ओपी बाथम किसान सभा नेता राजेंद्र सिंह कुशवाह किसान नेता नारायण शर्मा महिला समिति की नेत्री शोभा माहौर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुड्डी बाई माहौर ने विचार व्यक्त किए उन्होंने तय चेतावनी देते हुए कहा कि सात दिवस में जनहित में फैसले नहीं लिए जाते हैं तो हमारी मांगों को अनदेखा किया तो आने वाले दिनों में आंदोलनात्मक गतिविधियों को तेज किया जावेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी इस मौके पर त्रिवेणी प्रजापति त्रिवेणी कुशवाहा चमेली बाई प्रजापति प्रेमवती मीरा देवी जाटव अंगूरी बाई गुड्डी बाई कुशवाह सुनीता बाई सरोज श्रीवास विद्या बाई मुन्ना लाल कुशवाहा रामअवतार माहौर कमल सिंह माहौर हेतराम और सुनील माहौर महेश प्रजापति उदयसिंह श्रीवास सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे।

जिला पंचायत थाटीपुर पर सुशासन शिविर हुआ संपन्न

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर । प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुसार आमजनों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक और शीघ्र लाभ मिले, इसके लिए प्रदेश भर में सुशासन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में आगामी 30 मार्च, 1 अप्रैल एवं 3 अप्रैल को सुशासन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में अधिक से अधिक हितग्राही पंहुचे और उनकी समस्या का निराकरण तत्काल हो तथा ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ शिविर में ही मिले, यह सभी विभागाधिकारी सुनिश्चित करें। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सुशासन शिविरों का आयोजन 30 मार्च 2022 को वार्ड क्रमांक 22, 23, 24, 28, 29 एवं 60 के हितग्राहियों के लिए पुराने जिला पंचायत कार्यालय थाटीपुर किया जाएगा। इस शिविर में नगर निगम, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग एवं पशुपालन विभाग से संबंधित योजनाओं के आवेदन लेकर तत्काल उनका निराकरण कराया जाएगा। इसके साथ ही 1 अप्रेल को साइंस कॉलेज में किया जा रहा है तथा 3 अप्रैल 2022 को वार्ड क्रमांक 18, 19, 20, 21, 25, 26, 27 एवं 60 के लिए तहसील टप्पा कार्यालय मुरार में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

विधायक कप वॉलीबॉल नाइट टूर्नामेंट का हुआ भव्य समापन, फुलवारी नेहरू युवा मंडल टीम ने जीता खिताब

पुष्पांजली टुडे

देवेंद्र नगर– देवेंद्र नगर स्थित राइस मिल ग्राउंड में चल रहे तीन दिवसीय विधायक कप वॉलीबॉल नाइट टूर्नामेंट का आज 28 मार्च को फाइनल मुकाबलों के साथ भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विधायक शिवदयाल बागरी,विशिष्ट अतिथि आनंद शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी देवेंद्रनगर ,ललित गुप्ता मंडल अध्यक्ष देवेंद्र नगर द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया।

फाइनल मैचों के सुभारम्भ हजारों दर्शकों और प्रतिभागियों के समक्ष राष्ट्रगान गायन से हुआ दूधिया रोशनी में खेले गए मैचों महेबा और थाना देवेंद्र नगर की भिड़ंत में थाना देवेंद्र नगर ने क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई वही सेमीफाइनल में देवेंद्र नगर टाइगर से हार कर तीसरा स्थान प्राप्त किया वही फुलवारी नेहरू युवा मंडल और देवेंद्र नगर टाइगर के मध्य खेल गए रोमांचक मुकाबले में फुलवारी नेहरू युवा मंडल टीम ने देवेंद्र नगर टाइगर को हरा कर फाइनल खिताब अपने नाम किया।वही बालिका वर्ग में पड़ेरी टीम पहले देवेंद्र नगर दूसरे और गुनौर टीम तीसरे स्थान पर रही।

पुरस्कार वितरण के दौरान देवेंद्र नगर के गौरव डॉक्टर सुरेंद्र पिंपले जी के दुखद निधन पर सभी ने मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थानीय विधायक ने अपने उद्बोधन में आयोजक खेल एवम युवा कल्याण विभाग की इस पहल को सार्थक बताते हुए जमीनी स्तर पर आयोजन की सफलता के लिए कड़ी मेहनत करने वाले युवा विधायक प्रतिनिधि प्रशांत जैन एवम सुरेश प्रताप सिंह की मुक्त कंठ से प्रशंसा की साथ ही उन्होंने कहा की ऐसे आयोजन से युवाओं को मंच मिलता है और खेलो के प्रति युवाओ का रुझान बढ़ता है ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहना चाहिए, वही हजारों की संख्या में मौजूद दर्शको ने विधायक कप के मैचों और कॉमेंटेटर सुरेंद्र प्रताप सिंह की मुक्त कंठ से सराहना की।

पुलिस थाना पिछोर शिवपुरी ने शातिर मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर चोरी की 4 मोटर साइकिल की बरामद

पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी– पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश चंदेल ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया , एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन में व टीआई पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर टीम ने एक शातिर मोटरसाइकिल चोर को मुखबिर की सूचना पर बिरौली गांव के हरदौल मंदिर के पास से गिरफ्तार किया । शातिर मोटरसाइकिल चोर एसपी सिंह चौहान निवासी बिरौली को गिरफ्तार किया व उसके कब्जे से चार मोटरसाइकिल बरामद की । यह मोटरसाइकिल उसने टीकमगढ़ व ललितपुर से चोरी की थी जिन्हें उसने बेचने के लिए चुरा कर लाकर अपने कुआं के कमरे में छुपा कर रखी थी ।बरामद मोटर सायकिल में 1 - टीव्हीएस अपाचे MP07MV6882,2-हीरो आई स्मार्ट UP94P5147,3-हीरो एच एफ डीलक्स ,4-हौंडा शाईन हैं जिनकी कीमत करीब 2 लाख रुपये है ।

सराहनीय भूमिका-

पुलिस थाना पिछोर टीम के उप निरीक्षक जूली तोमर , सहायक उप निरीक्षक चरन सिंह,आरक्षक गोरे जादौन ,सैनिक राहुल भार्गव ,राकेश परमार ,सिरनाम लोधी आरक्षक चालक हरीश जाट की सराहनीय भूमिका रही ।

ग्वालियर विकास योजना-2035 को शीघ्रातिशीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए : MPCCI

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। ग्वालियर विकास योजना–2035 को नगरीय विकास एवं आवास मंत्रालय, भोपाल से स्वीकृति प्रदान कराए जाने हेतु आज एमपीसीसीआई द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री–माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री, श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी सिंधिया को पत्र प्रेषित किए गए हैं ।MPCCI अध्यक्ष–विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष–प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष–पारस जैन, मानसेवी सचिव–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष–वसंत अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, ग्वालियर के पत्र क्रमांक/2163/नग्रानि/ग्वा.वि.यो./2021 दिनांक 17.12.2021 के संदर्भ में ग्वालियर विकास योजना–2035 का प्रारूप दिनांक 11–10–2021 को म. प्र. राजपत्र में प्रकाशित किया गया था । इस संबंध में बैठक में सदस्यों द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार समिति की अनुशंसा सहित विकास योजना प्रारूप–2035 का मानचित्र एवं रिपोर्ट धारा–18(2) के प्रावधानों के अनुसार, आयुक्त सह संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश म. प्र., भोपाल को प्रेषित किया गया था, जो आज दिनांक तक स्वीकृति हेतु मंत्रालय में लंबित है ।पदाधिकारियों ने कहा है कि फ्रग्वालियर विकास योजना–2035 को स्वीकृति प्राप्त नहीं होने के कारण सड़कों का निर्माण कार्य, सार्वजनिक स्थलों का विकास संस्थानों का विकास, औद्योगिक विकास, परिवहन एवं यातायात उन्मुख विकास प्रभावित हो रहे हैं एवं व्यवसायिक हितों का भी हनन हो रहा है ।MPCCI ने ग्वालियर में विकास की संभावनाओं को योजनाबद्ध तरीके से साकार करने के लिए ग्वालियर का सर्वांगीण विकास एवं नागरिक सुविधाओं, व्यवसायिक एवं व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए ग्वालियर विकास योजना–2035 को स्वीकृत प्रदान किए जाने की पुरजोर माँग करते हुए कहा है कि ऐसा होने से निश्?चित ही ग्वालियर के विकास को नवीन मास्टर प्लान के अनुसार तीव्र गति मिलेगी ।

हर आवासहीन को आवास उपलब्ध करा रही है सरकार: मंत्री सुश्री उषा ठाकुर

ग्वालियर जिले के 278 हितग्राहियों को कराया गया गृह प्रवेश

ग्वालियर। मध्यप्रदेश के 5 लाख 21 हजार हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में मंगलवार को गृह प्रवेश कराया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअली हितग्राहियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान छतरपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम से शामिल हुए। ग्वालियर जिले में भी जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम के बाल भवन सभागार में आयोजित हुआ। जिले के 278 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया।

बाल भवन में आयोजित समारोह में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, श्री कप्तान सिंह सहसारी सहित जनप्रतिनिधि और संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

प्रदेश की पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने घर में गृह प्रवेश करने वाले सभी हितग्राहियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार का संकल्प है कि हर गरीब का अपना पक्का मकान हो। इस संकल्प की पूर्ति के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में वर्ष 2024 तक हर व्यक्ति को पक्का आवास उपलब्ध कराया जायेगा। प्रदेश में अब तक इस योजना में 24 लाख 10 हजार से अधिक आवास पूर्ण कराए जा चुके हैं।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान दृ? इच्छाशक्ति के साथ गाँव, गरीब और किसानों की खुशहाली के लिये कार्य कर रहे हैं। जनकल्याण की अनेक योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा रहा है। सामाजिक समरसता के साथ प्रदेश में विकास के कार्यों को किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि देश आजादी का 75वाँ अमृत महोत्सव मना रहा है। हमारे देश को आजादी दिलाने वाले वीर क्रांतिकारियों के बलिदान को भी हमें नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने सभी हितग्राहियों से आह्वान किया कि वे अपने नए भवन में प्रवेश करने के बाद देश पर सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीरों के छायाचित्र अवश्य अपने घर पर लगाएं, ताकि युवा पीढ़ी भी उनसे प्रेरणा ले सके।

कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव ने भी आवास पाने वाले सभी हितग्राहियों को शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री चौहान के द्वारा आवासहीनों को आवास उपलब्ध कराने का जो कार्य किया जा रहा है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है।

कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी ने स्वागत भाषण दिया और ग्वालियर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जिले को जो लक्ष्य प्राप्त हुआ था, उसका कार्य शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। आगामी दिनों में योजना के तहत और भी आवास स्वीकृत होंगे, जिनका कार्य तेजी के साथ कराया जायेगा।

बनवारीलाल को सौंपी घर की चाबी

बाल भवन में आयोजित समारोह में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने बनवारी लाल पुत्र मटरेलाल ग्राम पंचायत टेकनपुर जनपद पंचायत डबरा को नए आवास की चाबी सौंपी। बनवारी लाल ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

संक्षिप्त समाचार

आउटसोर्स बिजली कर्मचारियों को मिलेगा बोनस - ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

प्रति वर्ष मिलेगा 7 हजार रुपये तक का बोनस

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि बिजली कम्पनियों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को प्रति वर्ष 7 हजार रुपये तक का बोनस दिया जायेगा। बोनस का भुगतान काट्रेक्टर्स द्वारा ÷द पेमेंट ऑफ बोनस एक्ट-1965%% के तहत मासिक आधार पर किया जायेगा। काट्रेक्टर्स द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों को बोनस देने का प्रमाण-पत्र देने पर विद्युत कम्पनी द्वारा उसे बोनस राशि का भुगतान किया जायेगा। यह निर्णय इस संबंध में गठित समिति की अनुशंसा पर लिया गया है। बोनस का भुगतान आउटसोर्स कर्मचारी के कुल वेतन का 8.33 प्रतिशत और अधिकतम 7 हजार रुपये तक प्रति वर्ष किया जायेगा। कर्मचारी का कुल वेतन 21 हजार रुपये प्रति माह से अधिक नहीं होना चाहिये। सर्विस चार्जेस, ईपीएफ और ईएसआईसी का भुगतान बोनस राशि पर नहीं करना होगा।

उपभोक्ता 31 मार्च तक उचित मूल्य दुकान से अपना राशन प्राप्त करें

ग्वालियर। खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत लाभान्वित परिवारों को पीएमजीकेएवाय योजना में पाँच किलो निःशुल्क खाद्यान्न प्रति सदस्य के मान से उपलब्ध कराया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार यह योजना 31 मार्च 2022 तक लागू है। इसके पश्चात इस योजना के माध्यम से राशन का वितरण नहीं किया जायेगा। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने समस्त उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे 31 मार्च 2022 तक अनिवार्य रूप से पात्रता अनुसार योजना का राशन उचित मूल्य की दुकान से प्राप्त कर लें।

राष्ट्रव्यापी मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 31 मार्च

ग्वालियर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए राष्ट्रव्यापी मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता- ÷मेरा वोट मेरा भविष्य-एक वोट का महत्व÷ आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 31 मार्च है। प्रतियोगिता के तहत पांच श्रेणियों में प्रतियोगिता होगी। इसमें क्वि? (प्रश्नोत्तरी), स्लोगन, लेखन, गायन, प्रतियोगिता, वीडियो बनाना और पोस्टर डि?इन प्रतियोगिता शामिल है। प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी मिलेंगे।प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 31 मार्च है। प्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://ecisveep.nic.in/ contest/ से प्राप्त की जा सकती है। यह प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में आयोजित की जा रही है।

प्रत्येक वर्ष होगा खेल महोत्सव का आयोजन : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

जेसीमिल ग्रांउड पर बनेगा स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स

जेसीमिल ग्रांउड पर हुआ विधायक कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

ग्वालियर। जेसीमिल के ग्राउंड पर आयोजित विधायक कप-2022 ÷फुटबॉल प्रतियोगिता÷ के शुभारंभ के अवसर पर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि खेल हमारे जीवन का प्रमुख हिस्सा है एक स्वस्थ शरीर के लिए खेल कूद को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। खेलने से तन और मन स्वस्थ रहता है । हर किसी को कोई न कोई खेल खेलना चाहिए। इसके साथ ही कहा कि प्रतिवर्ष खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी रहेगी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, ग्वालियर द्वारा 15-ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में विधायक कप-2022 ÷फुटबॉल प्रतियोगिता÷ का तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ फुटबॉल में किक मारकर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने किया। इस प्रतियोगिता में विधानसभा की 20 टीमों ने भाग लिया है। साथ ही कहा कि खेलों में समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन, समूह में कार्य करना और लगन सिखाते हैं। खेलने से आत्मविश्वास के स्तर का निर्माण होता है। यदि हम खेल का नियमित अभ्यास करें, तो हम अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सकते हैं। खेल हमें जीवन में अधिक अनुशासित, धैर्यवान, समयबद्ध और विनम्र बनाता है। यह हमें जीवन में सभी कमजोरियों को हटाकर आगे बढ़ना सिखाता है

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जेसीमिल ग्रांउड पर लगभग तीन करोड की लागत से स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स शीघ्र ही बनने जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के युवाओं को खेलने के लिये अत्याधुनिक सुविधायें मिलेंगी। इसके साथ ही मनोरंजनालय में 500 सीट का एक ऑडिटोरियम का निर्माण होने जा रहा है। जहां सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किये जा सकेगें। उन्होंने कहा कि ग्वालियर बदल रहा है। क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, मंडल अध्यक्ष श्री बृजमोहन शर्मा, श्री प्रयाग तोमर, श्री मायाराम तोमर, श्री ओमप्रकाश शेखावत, श्री केशव मांझी, श्री राजू सेंगर, श्री जवर सिंह राजपूत, डॉ. अंजली रायजादा, श्री दयाराम पाल, श्री महेश गोतम, श्री शशी शर्मा, जिला खेल अधिकारी श्री जोसेफ सहित बडी संख्या में गणमान्य नागरिक व युवा खिलाडी उपस्थित रहे।

नलनाम नवसंवत्सर स्वागोत्सव का दो दिवसीय आयोजन 1 अप्रेल से, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन



ग्वालियर। भारतीय संस्कृति एवं परम्परा को बढ़ावा देने तथा देश की युवा पीढ़ी को भारत की परम्पराओं से अवगत कराने व भारतीय संस्कारों को सिंचित करने के लिये नगर निगम ग्वालियर द्वारा प्रतिवर्ष हिन्दू नववर्ष नव संवत्सर महोत्सव के रूप में मनाया जाता है, इसी क्रम में नगर निगम ग्वालियर द्वारा नलनाम नवसंवत्सर स्वागतोत्सव कार्यक्रम 1 व 2 अप्रेल 2022 को जलविहार के तैरते रंगमंच पर आकर्षक फव्वारों की शीतल फुहारों के बीच किया जाएगा। जिसमें आनंदनाम संवत्सर की विदाई और नलनाम नवसंवत्सर का स्वागतोत्सव का आयोजन सांस्कृतिक एवं पारंपरिक पद्धति से किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि देश की युवा पीढ़ी को भारत देश के संस्कारों से परिपूर्ण करने के लिये देश में वर्षभर विभिन्न त्यौहार, सांस्कृतिक आयोजन होते रहते है इसी तारतम्य में हिन्दू नववर्ष का प्रारंभ गुड़ी पड़वा से होता है जिसका स्वागत महोत्सव एवं बीते वर्ष की विदाई के लिये नगर निगम ग्वालियर द्वारा प्रतिवर्ष भव्य महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष नव सवंत्सर महोत्सव का आयोजन 1 व 2 अप्रेल 2022 को किया जा रहा है। नगर निगम ग्वालियर द्वारा संस्कार भारती के संयोजन में आयोजित किए जा रहे नलनाम नवसंवत्सर के स्वागतोत्सव कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर 1 अप्रेल 2022 को आनंदनाम संवत्सर की विदाई के सांस्कृति कार्यक्रमों के साथ दी जाएगी। इसके साथ ही 2 अप्रेल 2022 को प्रातः भगवान भुवन भास्कर की प्रथम किरण को अर्ध्य के साथ ही सांस्कृति कार्यक्रमों के साथ नलनाम नवसंवत्सर का स्वागत किया जाएगा।

आनंदनाम सवंत्सर विदाई महोत्सव 1 अप्रेल को

1 अप्रेल 2022 की सायं को 7.00 बजे से आनंदनाम संवत्सर की विदाई समारोह का शुभारंभ सांय 7 बजे दीप प्रज्जवलन कर किया जावेगा।

राष्ट्र और समाज के निर्माण में कलाओं का महत्वपूर्ण योगदान : राज्यपाल श्री पटेल

कलाओं को बढ़ावा देने के लिये राजाश्रय जरूरी केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर

राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षांत समारोह आयोजित

ग्वालियर। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि जीवन को लयबद्ध और सुसंस्कृत बनाने के लिये कलाएँ बहुत जरूरी हैं। राष्ट्र और समाज के निर्माण में कलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। खुशी की बात है राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय संगीत व कलाओं की जीवंत परंपराओं को बखूबी ढंग से आगे ब?ा रहा है। राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर के पंचम दीक्षांत समारोह में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय बाल्यकाल की शिक्षा दीक्षा में कलाओं को शामिल करने की पहल कर आंगनबा?ी और प्राथमिक स्कूलों का मार्गदर्शन करे। दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि संगीत एवं कलाओं को ब?ावा देने के लिये राजाश्रय जरूरी है। केन्द्र व राज्य सरकार यह काम पूरी शिद्दत के साथ कर रहीं हैं। मंगलवार को यहाँ जीवाजी विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल अटल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हुए दीक्षांत समारोह में प्रदेश की पर्यटन, संस्कृति एवं अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुईं। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. साहित्य कुमार नाहर, कुलसचिव श्री दिनेश पाठक एवं विश्वविद्यालय की साधारण परिषद, कार्य परिषद व विद्या परिषद के पदाधिकारी मंचासीन थे। दीक्षात समारोह में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के शिक्षा सत्र 2018-19 एवं 2019-20 के 49 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 15 शोध छात्र-छात्राओं को शोध उपाधियाँ प्रदान की गई।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल ने स्वर्ण पदक और शोध उपाधियां प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि आप सबने आज जो वचन लिया है, उसे जीवन भर निभाएं। साथ ही भविष्य में प्राप्त होने वाली उपलब्धियों के लिये अपने पालकों और गुरूजनों के प्रति सदैव आभारी रहें।

प्रख्यात राष्ट्रवादी कवि रामधारी सिंह दिनकर पंक्तियां क्रांतिकारियों के व्यक्तित्व और कृतित्व को राष्ट्र के सामने सशक्त माध्यम से प्रकट करती हैं

ग्वालियर। तुमने दिया देश को जीवन देश तुम्हें क्या देगा। अपनी आग तेज करने को नाम तुम्हारा लेगा।।मजदूर सेवार्थ पाठशाला की सिकंदर कंपू इकाई पर 28 मार्च 2022 को भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रखर राष्ट्रवादी पूर्वउद्घोषक आकाशवाणी ग्वालियर, श्री श्याम सरीन जी थे। मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में उपस्थित 70 किशोरावस्था और बाल्यावस्था के बच्चों को क्रांतिकारियों के द्वारा देश को स्वतंत्र कराने में किए गए उत्सर्ग और बलिदान की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया तत्कालीन भारत में ग्वालियर में भी जयेंद्रगंज में कैच वाली गली में एक बम बनाने का कारखाना बना हुआ था। भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव ने तत्कालीन भारत में युवाओं में और जनता में एक नव संचार, नव ऊर्जा , राष्ट्रवाद की नवीन ज्वाला को उत्पन्न किया था। उपस्थित बच्चों में राष्ट्रवाद और देश के प्रति अपने योगदान को देने के लिए शिक्षा एक सशक्त तथा सर्वोत्तम साधन है। श्री सरीन ने बच्चों को समझाया कि पढ़ लिख कर के अच्छे नागरिक बनो असहयोग वंचितों की मदद करो। हनुमान दास जी अनुशासन राष्ट्रप्रेम परोपकार इत्यादि के क्षेत्र में छोटे-छोटे कार्य करके हम इस राष्ट्र वाद की जड़ों को मजबूत कर सकते हैं। अध्यक्षता प्रख्यात वकील श्री सहारे जीने की आभार प्रदर्शन यूको बैंक के वरिष्ठ सेवानिवृत्त प्रबंधक श्री मोहनलाल जी ने किया।

भरी दोपहरी में छात्र होते रहे परेशान

मार्कशीट व परीक्षा आवेदन की लिंक खोलने हेतु अभाविप ने किया कुलपति का घेराव

प्रदर्शन के तुरंत बाद तत्काल रूप से परीक्षा आवेदन की लिंक खोली गई

ग्वालियर। आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जीवाजी विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय में समय पर मार्कशीट न देने व आगामी परीक्षा क्ष्क्ष्स हाद्रद्ध क्रक्रस्ष्ट्रक्षहरूके परीक्षा आवेदन की लिंक खोलने हेतु कुलपति का घेराव किया गया ।

ग्वालियर के थाना डबरा क्षेत्र में रास्ता भटककर झाँसी रोड पर मिला 08 वर्षीय बालक

जिला ग्वालियर के थाना डबरा के अंतर्गत झाँसी रोड पर एक 08 वर्षीय बालक मिला है, जो घर का रास्ता भटक गया है पुलिस सहायता की आवश्यकता है। उक्त सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 29-03-2022 को प्राप्त हुई।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478